e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 161

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
14.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अच्छे लोगों से हमेशा मित्रता बनाए रखें।

## क्विक न्यूज

### नागपुर में विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट, 5 लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर के पास एक विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार को धमाका हो गया। फैक्ट्री में विस्फोट के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में हुई। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब एक बजे उस समय हुआ, जब श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों को सुबह की सभा राष्ट्रगान के साथ शुरू करने का निर्देश

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों को सुबह की सभा राष्ट्रगान के साथ शुरू करने का निर्देश दिया है।स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र के माध्यम से सभी स्कूलों को पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की सभा एक समान बनाने का निर्देश दिया। गुरूवार को जारी परिपत्र में कहा गया है कि मानक प्रोटोकॉल के अनुसार सुबह की सभा राष्ट्रगान के साथ शुरू होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की सभा छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक अमूल्य अनुष्ठान साबित हुई है।

### केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने अध्यक्ष पीटी उषा से की मुलाकात

**नई दिल्ली :** बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले, नवनियुक्त केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की। यह पहली बार था जब खेल मंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की। इस बैठक में मनसुख मंडाविया और पीटी उषा के अलावा खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, साई के महानिदेशक संदीप प्रधान और खेल राज्य मंत्री रक्षा खांडसे भी मौजूद थे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मनसुख मंडाविया से बातचीत के बाद अपने अनुभव साझा किए।उषा ने मीडिया से कहा,केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने आईओए का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी है कि वे आईओए और पेरिस की तैयारियों के बारे में जानना चाहते थे। हम एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और हर हफ्ते बैठक करने की कोशिश करेंगे।

### लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए गए अजित डोभाल, पीएम मोदी के प्रधान सचिव पद पर बने रहेंगे पीके मिश्रा

**नई दिल्ली :** नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अजीत डोभाल को भी लागतार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है. वे एक बार फिर इसी पद पर बने रहेंगे. वहीं अगले आदेश तक प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा उसी पद पर बने रहेंगे. उनकी नियुक्ति 10 जून 2024 से प्रभावी हो गई है. पूर्व आईएएस अधिकारी अमित खरे और तरूण कपूर भी अगले आदेश तक पीएम मोदी के सलाहकार के रूप में बने रहेंगे.

### 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव, राष्ट्रपति ने अधिसूचना जारी की

**नई दिल्ली :** 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है।उधर इस तरह की भी खबरें हैं कि राजस्थान की कोटा-बूंदी सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले ओम बिड़ला को एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की बहन डी पुरुंदेश्वरी के नाम पर भी चर्चा चल रही है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

---

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने का आदेश

# नियुक्ति में रोस्टर का हो पालन : चंपाई सोरेन

**समय सीमा के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का सीएम चंचाई सोरेन ने दिया आदेश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग जो भी कैलेंडर जारी करें उसी के प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन करें।

#### जेएसएससी अध्यक्ष ने आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं की दी जानकारी

जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री को आयोग द्वारा ली जाने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की चल रही प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से लगभग 35 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसमें स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के 1868 पद,झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा इंटरमीडिएट स्तर के 11 हजार पद, झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्नातक स्तर के 15001 पद, महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा के 488 आदि पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एडीजी आरके मलिक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह और कार्मिक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे.



#### विभागों में खाली पड़े पद जल्द से जल्द भरे जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में सरकारी विभागों में जो भी रिक्तियां हैं और जिन पदों पर नियुक्ति की जानी है, उसकी चयन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नियुक्तियों में सरकार की नियुक्ति नियमावली और रोस्टर का पालन होना चाहिए।

#### नियुक्तियों को लेकर कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती है तो जो भी दोषी पाए जाएंगे दोषी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

## नीट परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने कहा

**1563 उम्मीदवारों का ग्रेस मार्क्स वापस, 23 जून को फिर से परीक्षा**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीट परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बीच गुरुवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नीट-यूजी 2024 के 1,563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स देने का निर्णय वापस ले लिया गया है। ऐसे उम्मीदवारों को 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। इसके नतीजे 30 जून को आएंगे। एमबीबीएस बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी। ऐसे में अब छात्रों के पास विकल्प होगा कि वे फिर से परीक्षा देना चाहते हैं या बिना ग्रेस मार्क के काउंसलिंग में शामिल होना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गड़बड़ी के आरोपों के आधार पर नीट 2024 को रद्द करने की मांग करने वाली याचिकाओं सहित सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।सरकार-एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1,563 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई, जिन्हें नीट यूजी में शामिल होने के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा का जिम्मा दिया गया। समिति ने 1,563 नीट यूजी 2024 उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद्द करने का फैसला लिया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। इन छात्रों को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। परीक्षाएं 23 जून को आयोजित की जाएंगी और परिणाम 30 जून से पहले घोषित कर दिए जाएंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गड़बड़ी के आरोपों के आधार पर नीट 2024 को रद्द करने की मांग करने वाली याचिकाओं सहित सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।सरकार-एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1,563 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई, जिन्हें नीट यूजी में शामिल होने के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा का जिम्मा दिया गया।**

---

## झारखंड-दिल्ली से लेकर राजस्थान तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मध्य और उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है.दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान और झारखंड सहित देश के ज्यादातर राज्यों में हीटवेव की स्थिति आगे भी रह सकती है. इन राज्यों में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि अभी यूपी, बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में हीटवेव की संभावना है. मौसम विभाग ने बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान भी उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में भीषण उष्ण लहर यानी हीटवेव की स्थिति जारी रह सकती है.

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तरी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों, बिहार और उत्तरी ओडिशा में भी भीषण गर्मी की स्थिति देखी. इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तो अधिकतम तापमान 45-47 डिग्री सेल्सियस के बीच है. आईएमडी ने बताया कि मानसून बिहार और झारखंड में 16-18 जून तक, उत्तर प्रदेश में 20-30 जून तक और दिल्ली में 27 जून तक पहुंच सकता है.वैज्ञानिकों के हवाले से बताया कि उत्तर-पश्चिम से आने वाली गर्म हवाएं बंगाल की खाड़ी के ऊपर कमजोर मानसून पर हावी हो रही हैं. ऐसे में ये मध्य और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में गर्म मौसम की स्थिति को बढ़ा रही हैं.

---

## जम्मू कश्मीर में बढ़ा आतंकी घटना पीएम ने की हाई लेबल मीटिंग

**प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने को कहा है.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कश्मीर घाटी में कमर टूटने के बाद आतंकी संगठन अब जम्मू संभाग को दहलाने की साजिशें रच रहे हैं. बीते तीन दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा में हुए हमले इसकी तस्दीक करते हैं. आतंकियों की नापाक साजिशों को नाकाम करने के लिए सुरक्षाबल और खुफिया एंजेंसियां लगातार काम कर रही हैं. विदेश दौरे से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एनएसए अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा की. प्रधानमंत्री मोदी को अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी स्थिति की पूरी जानकारी दी है. आतंकवाद विरोधी प्रयासों के बारे में बताया है. प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने को कहा है. इसका सीधा संकेत है कि किसी भी सूरत में अब आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा.प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की है. सुरक्षाबलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन पर चर्चा की है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की है. उनसे जम्मू-कश्मीर में स्थिति का जायजा लिया है. प्रधानमंत्री को स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई है.आतंकवादियों ने रविवार शाम रियासी जिले में तेरयाथ गांव के पास तीर्थयात्रियों से भरी बस पर फायरिंग की थी. शिव खोड़ी मंदिर से कटरा जा रही ये बस गहरी खाई में गिर गई थी. इस आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत हो हुई थी. 41 घायल हो गए थे.

---

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर बहस पूरी, फैसला सुरक्षित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई. दोनों पक्षों की ओर से दलील पेश की गई. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अदालत फैसला सुरक्षित रख लिया.ईडी की ओर से जमानत का विरोध किया गया.एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि बड़गाई लैंड स्कैम में हेमंत सोरेन शामिल थे.इससे जुड़े तमाम साक्ष्यों का ईडी के अधिवक्ता ने जिक्र किया. उनकी ओर से उन्हीं बातों का जिक्र किया गया, जो बातें पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में रखी गई थीं. इससे पहले 12 जून को आंशिक सुनवाई हुई थी. इधर, 10 जून को न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन को नियमित जमानत देने के लिए दलील पेश की थी. उन्होंने पक्ष रखते हुए कहा था कि बड़गाई की जिस 8.86 एकड़ जमीन मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है, वह जमीन भुईहरी है. उसका ट्रांसफर नहीं हो सकता है. उस जमीन के दस्तावेज में हेमंत सोरेन का कहीं भी नाम नहीं है. यह सिविल मामला है. इसलिए हेमंत सोरेन को जमानत दी जानी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा था कि जमीन पर कब्जे की भी कोई शिकायत नहीं हुई है. याचिकाकर्ता की ओर से दलील पेश होने के बाद कोर्ट ने ईडी को पक्ष रखने के लिए 12 जून की तारीख तय की थी. दरअसल, 13 मई को ईडी की स्पेशल कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. उसी को हेमंत सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है.

---

## कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

एजेंसी

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया. नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित पॉक्सो मामले में ये वारंट जारी किया गया है. पॉक्सो मामलों के लिए फर्स्ट्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर विचार करते हुए वारंट जारी किया कि येदियुरप्पा पावरफुल व्यक्ति हैं. ऐसी जानकारी है कि इस समय वह दूसरे राज्य में हैं. येदियुरप्पा ने मामले को दबाने की कोशिश की थी. शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए दो लाख रुपये का लालच भी दिया था. अभियोजन पक्ष ने अदालत को यह भी बताया कि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी येदियुरप्पा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए. आदेश के बाद, कर्नाटक पुलिस पॉक्सो मामले के सिलसिले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है. इस बीच, येदियुरप्पा ने गुरुवार को मामले में अग्रिम जमानत के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया.



# सिंचाई व पेयजल की व्यवस्था मेरी प्राथमिकता : कालीचरण सिंह


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के चतरा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने डालटनगंज परिसदन में आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करना है।प्रेस वार्ता के दौरान इन्होंने कहा कि अमानत नदी पर बैराज बनकर तैयार नहर बनकर सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाना है। जिससे कि जमीन सिंचित हो सके, खेतों में फसल उपजाई जा सके, जिससे की किसान की आय बढ़ सके। इसके अलावे चाको, किवी, सोनरे चैनलों को भी दुरुस्त कर सिंचाई उपलब्ध कराना है। पेयजल के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना शुरू की गई है, लेकिन



राज्य सरकार की लापरवाही के कारण लोगों को सही ढंग से पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है। अधिकांश पेयजल में कहीं चापाकल सुख गया है, तो कहीं सोलर प्लेट खराब है, तो कहीं मोटर ही फेल है। इन सबों को दुरुस्त करके जल्दी पांकी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त करना है। साथ इन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से जल्दी मंडल डैम एवं बरवाडीह- चिरीमिरी रेल लाइन को शुरू करवाने के लिए प्रयास करुगा। एक प्रश्न के जवाब इन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में काफी संख्या में अफीम की खेती की जा रही है। जिससे समाज में विशेष करके युवाओं में नशे की लत फैल रही है।इस पर प्रशासन को रोक लगाने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करना होगा।जिससे कि आने वाले पीढ़ी नशा के शिकार न हो सके। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, विजय तिवारी, मुरारी पांडे ,सोमेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में 29 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवाशी गंगेश्वर सिंह का पुत्र प्रमोद कुमार सिंह उम्र 29 वर्ष प्रेम प्रसंग में गुरुवार को अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया।इस घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उसके घर पर उमड़ पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## भाजपा नेता डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात, दी बधाई



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने आज दिल्ली में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की, डॉ चंद्रवंशी ने नितिन गडकरी मंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही अपने क्षेत्र से जुड़ी कई राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा किया। मंत्री नितिन गडकरी ने भी श्री चंद्रवंशी को शुभ आशीर्वाद देते हुये उनका कुशल क्षेम जाना। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तीसरी बार मजबूत सरकार बनी है.तीसरे कार्यकाल में गरीब कल्याण व विकास की गति और तेजी से होगी। यहां बताते चलें कि श्री चंद्रवंशी इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों से भी मुलाकात की।

## 11 वाहन को फाइन के लिए सीजीएम कोर्ट भेजा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी और परिवहन विभाग के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास बुधवार की दोपहर और शाम को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिन वाहन चालकों के पास हेलमेट नहीं था।ट्रिपल लोडिंग बाइक पर चल रहे थे। उन लोगो के वाहनों का ऑन द स्पोर्ट चालान काटा गया। वही वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड करीब 11 मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया। इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन को चालान के लिए सीजीएम कोर्ट भेजा गया। पकड़े गए इन सभी वाहनों का 65300 रुपया चालान काटा गया। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने



बताया की हर दिन लोगो को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है। उसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है।उन्होंने बताया कि पुलिस का चालान काटना मकसद नहीं है, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि अधिकतर देखा गया है कि अधिक दुर्घटनाएं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से हो रही हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक किया और कानून का उल्लंघन करने वाले लोगो के चालान भी किए गए।

## भीषण गर्मी से विक्षिप्त महिला की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर में भीषण गर्मी के कारण छतरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप एक विक्षिप्त महिला की मौत हो गई।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त विक्षिप्त महिला पिछले कई माह से छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत यहां- वहां भटकती रहती थी। पिछले एक सप्ताह से बढ़ती तपिश और भीषण गर्मी के कारण उक्त विक्षिप्त महिला की तबीयत बिगड़ गई तथा प्रखंड कार्यालय के समीप खाली जगह पर वह बेसुध होकर कई दिनों से पड़ी थी। जिसकी विगत रात्रि उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह उस



रास्ते से गुजरने वाले लोगों की नजर उक्त महिला के शव पर पड़ी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। सबसे बड़ी विडंबना है कि छतरपुर के कुछ तथाकथित समाजसेवी जो समाचार पत्रों में फोटो छपवाने के लिए नगर पंचायत के अधिकारियों व एसडीओ को जनता की मांग को लेकर मांग पत्र देते हैं। उन्हें यह बेसूध महिला जो लाचार अवस्था में सड़क पर लेटी हुई थी नहीं दिखी, जो काफी शोचनीय विषय है। ऐसी उम्मीद है कि तथा कथित समाजसेवी इस मामले को भी लेकर कागजी आंदोलन करने के लिए पुनः अधिकारियों को मांग पत्र सौंपेंगे।

## बंदुआ में सड़क निर्माण कार्य का प्रमुख और पंचायत समिति ने किया शिलान्यास



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के बंदुआ गांव में गुरुवार को 15वें वित्त के तहत सरदार वैध के घर से पुराना पंचायत भवन तक बनी पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रमुख गायत्री देवी और पंचायत समिति सरिता कुमारी ने नारियल फोड़ कर व फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। पीसीसी पथ निर्माण 2.49 लाख की लागत से किया गया। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि ग्रामीणों को पक्की सड़क, पक्की नाली और पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है हमारे क्षेत्र में जहां भी सड़क नाली का समस्या होगा वहां पर शीघ्र सड़क नाली का निर्माण कराया जाएगा जिससे की क्षेत्र के ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं उठाना पड़े। मौके पर बबलू पांडे,संतोष बैठा, रामासर बैठा,हरिहर बैठा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थें।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 8 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 8 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 8 लोगों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें बृजदेव पासवान, सत्यप्रकाश पाठक, देव चौधरी, पूरन राम, रामराज चौधरी, जगदीश राम, महेंद्र उरांव व ओमप्रकाश कुमार शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार व राजकुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर को केतार पुलिस ने किया जप्त

**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत सोन नदी से अवैध बालू ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर को केतार थाना की पुलिस बल ने गुरुवार को पकड़कर थाना में सुरक्षार्थ रखा है। थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया कि अवैध बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर को पकड़ा गया एवं अग्रेतर करवाई हेतु खनन विभाग को पत्राचार कर दिया गया है।

## प्यास बुझाने बंदर पहुंचे प्रखंड कार्यालय कर्मियों ने बुझाई बंदरों की प्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** प्रखंड मे आए दिन भीषण गर्मी रुकने का नाम नहीं ले रहा है खरौन्धी प्रखंड के विभिन्न गांव में नदी तालाब व डैम सहित चापाकल भी सूख गए हैं जिसमें की ग्रामीण एवं राहगिरो तथा पशु एवं जंगली जानवरों को पानी के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है जहां पर की जंगली जानवर प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तथा घरों में प्रवेश कर जा रहे हैं। प्यास बुझाने के लिए दर्जनों बंदर प्रखंड कार्यालय पहुंच गए। वही कार्यालय में मौजूद मनरेगा बीपीओ कमलेश पासवान सहित अन्य प्रखंड कर्मियों ने बंदरों की प्यास बुझाई। इस संबंध में बीपीओ कमलेश पासवान ने बताया कि आए दिन प्रखंड में अधिक तापमान बढ़ जाने से भीषण गर्मी की वजह से सभी जीवो को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बंदर प्यास बुझाने के लिए प्रखंड कार्यालय आते हैं। जिसमें कि हम सभी प्रखंड कर्मी मिलकर बंदर की प्यास बुझाते हैं। मौके पर आशा नंदन राम, मनीष कुमार, साहित्य अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप से लीकेज के बाद हैंडपंप के बोर में लगी आग, तीन लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू झारखंड के पलामू जिले में पेट्रोल पंप से लीकेज के बाद हैंडपंप के बोर में आग लग गई. इस घटना में तीन लोग घायल हो गए. सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. घटना पलामू जिले के पालमपुर छतरपुर थाना क्षेत्र में घटी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई है।मामले की जांच की जा रही है।छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है और वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, छतरपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 98 पर पेट्रोल पंप के पास संजय साव नामक व्यक्ति अपने हैंडपंप के बोर में समरसेबल डलवा रहे थे, इसी दौरान आग लग गई. इस घटना में मालिक संजय साव, कुंदन यादव और मंसूर अंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गए हैं।छतरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजित प्रजापति ने बताया कि आशंका है कि पेट्रोल पंप से लीकेज के बाद बोर में आग लगी है. पिछले 15 दिनों से संजय साव के हैंडपंप से डीजल और पेट्रोल की गंध आ रही थी. जिसके बाद उन्होंने इसकी जांच कराई. बाद में संजय साव बोरवेल में समरसेबल डलवाना चाहते थे। गुरुवार को संजय साव बोरवेल में समरसेबल डलवा रहे थे, इसी दौरान आग लग गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

## चियांकी पंचायत भवन में आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के चियांकी ग्राम पंचायत भवन में आईएसओ जीपी अंतर्गत आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आइएसओ मानक के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल पंचायत बनाने का भी टिप्स दिया गया। बताया गया कि पंचायत सचिवालय से ही मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय, जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। साथ ही ग्रामीणों के हर तरह के कार्य किये जायेंगे। चियांकी पंचायत की मुखिया विनको उरांव ने कहा कि पंचायतवासियों को कार्य के लिए सदर प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। केरल राज्य के तर्ज पर झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत चियांकी पंचायत सचिवालय को मॉडल व डिजिटल बनाया जायेगा जहां ग्रामीणों के हर समस्या का समाधान होगा। पंचायत सचिवालय में सभी पदाधिकारियों का नंबर अंकित किया जायेगा। चियांकी पंचायत सचिवालय के बाहर पूछताछ केंद्र बनाया जायेगा। जहां से चियांकी के लोग पूछताछ केंद्र से हर जानकारी ले सकते हैं। चियांकी पंचायत सचिवालय व्यवस्थित हो जाने से आइएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों का हर कार्य व सुविधा चियांकी पंचायत सचिवालय से ही मिलेगी। प्रशिक्षण में सचिव रवि कुमार राय, सौरभ कुमार दूबे, बिरेंद्र कुमार सिंह, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया समेत कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

## सोन नदी से पानी लाने की योजना को पीएचईडी के जेई और संवेदक ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत के लोग इन दिनों बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं, नगर पंचायत प्रशासन भी लोगों की प्यास बुझाने में विफल है। जबकि सरकार के द्वारा नगर निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे जल संकट का इलाके में समाधान करें। बरहाल सात साल पूर्व सोन नदी से छतरपुर के इलाके तक पानी लाने की योजना का शुभारम्भ हुआ था, लेकिन अफसोस योजना आज भी अधूरा है, प्रखंड के विभिन्न इलाकों में विशालकाय पानी टँकी तो सालों पूर्व बना दिया गया लेकिन टँकी में आज तक पानी नहीं पँहुच पाया। स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून के आग्रह के बाद कार्यपालक अभियंता के निर्देश के आलोक में पीएचईडी के नवपदस्थापित जेई ने योजना का छतरपुर में निरीक्षण किया और संवेदक को फटकार लगाते हुए बचे हुए शहरी इलाके में



अविलम्ब पाइपलाइन बिछाने का निर्देश दिया। इस दौरान समाजसेवी अरविंद ने कहा कि जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। इलाके के लोग बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं सोन नदी से पानी लाने की योजना हाथी का दांत साबित हो रही है ऐसे में लोगों का सब्र भी जवाब दे रहा है जल्द ही अगर सोन से पानी लाने की योजना शुरू नहीं कि गयी तो लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। जेई ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कुछ अड़चनों को दूर कर योजना को शुरू कर दिया जाएगा।अरविंद ने जेई और संवेदक के साथ बैठक कर उनसे योजना के मास्टरप्लान पर डिशक्शन किया और शीघ्र योजना शुरू कराने की उनसे मांग की। साथ ही साथ यह भी मांग किया कि भैरवाडीह और लोहराही गांव को इस योजना से वंचित कर दिया गया है जबकि उन गांवों में भी भीषण जलसंकट विद्यमान है दोनों गांवों में भी उन्होंने पाइपलाइन बिछाने की मांग की है।

## आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में निकाला गया पानी यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में चल रहे पानी यात्रा का आज दूसरा दिन संपन्न हुआ।अपने हक अधिकार के लिए आम आदमी को खुद आगे आना होगा, मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो शहर वासियों को शहर से पलायन करना पड़ सकता है। उक्त बातें गुरुवार को कोयल नगर व बैंक कॉलोनी क्षेत्र में पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज के नेतृत्व में नगरनिगम क्षेत्र में गैर राजनीतिक सैकड़ों युवाओं व महिलाओं के द्वारा पानी यात्रा निकाला जा रहा है जो निगम के सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क कर पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चला रहे है।अभियान में आम लोगों को पौधारोपण के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। अभियान में आम लोगों का भरपूर भागेदारी देखा जा



रहा है। आज के यात्रा में मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में चल रहे पानी यात्रा का आज दूसरा दिन संपन्न हुआ। अपने हक अधिकार के लिए आम आदमी को खुद आगे आना होगा, मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो शहर वासियों को शहर से पलायन करना पड़ सकता है। उक्त बातें गुरुवार को कोयल नगर व बैंक कॉलोनी क्षेत्र में पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज के नेतृत्व में नगरनिगम क्षेत्र में गैर राजनीतिक सैकड़ों युवाओं व महिलाओं के द्वारा पानी यात्रा निकाला जा रहा है जो निगम के सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क कर पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चला रहे है।अभियान में आम लोगों को पौधारोपण के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है।अभियान में आम लोगों का भरपूर भागेदारी देखा जा रहा है। आज के यात्रा में मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, बीजू मिश्रा, बबलू चावला, संदीप प्रसाद, शिशु दुबे, साहेब जी नामधारी, मनीष तिवारी, रोशन तिवारी, मुन्ना दुबे, ज्ञानेश तिवारी, इंदु तिवारी, शालिनी श्रीवास्तव, चंदन तिवारी, कमल त्रिपाठी, आकाश विश्वकर्मा, नवनीत मेहता, राहुल गुप्ता, अभिषेक राज, शशिकांत तिवारी, सूरज सिंह, रोशन पाठक, वीरमणि तिवारी, नवनीत मेहता, दिलीप गिरी व अंकित आरंभ शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस के 101 आश्रितों को मिलेगा नियुक्ति पत्र, एसोसिएशन ने जताया आभार

**रांची।** झारखंड पुलिस कर्मियों के आश्रितों के लंबित अनुकम्पा नियुक्ति पत्र वितरण पहल कर दिया गया है। झारखंड के 101 आश्रितों को अब अनुकंपा की नौकरी दी गई है। इसको लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन डीजीपी झारखंड , एडीजी , डीआईजी कार्मिक मोहम्मद नौशाद आलम की अध्यक्षता में यह सफल हो पाया है एवं लगभग दो करोड़ रूपया कल्याण कोष में पुलिस एवं पुलिस अधिकारी को राशि स्वीकृत की गई , यह भी डीआईजी कार्मिक नौशाद अलम की अध्यक्षता में हुआ। मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक पियूष पांडे एवं प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह , महामंत्री मो महताब आलम, मेंस यूनियन के अध्यक्ष करण सिंह , महामंत्री रमेश उरांव भी मौजूद थे। एसोसिएशन ने आभार व्यक्त करते हैं कहा कि कल्याण कार्य में डीआईजी कार्मिक नौशाद का बहुत बड़ा योगदान रहता है , इसके लिए फिर से पूरी प्रांतीय टीम उनका आभार प्रकट करती है।

### मनीष रंजन बने भवन निर्माण विभाग के सचिव

**रांची :** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का तबादला किया है। जबकि एक अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव मनीष रंजन को भवन निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा रंजन को अगले आदेश तक झारखंड राज्य भवन निर्माण विभाग के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार पर बने रहने को कहा गया है। इस संबंध में बुधवार देर रात कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### सीएम ने की फ्लाई ओवरब्रिज व ट्रैफिक व्यवस्था से सम्बंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# सितंबर तक सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूर्ण करें : चम्पाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में फ्लाई ओवर ब्रिज, रांची तथा अन्य शहरों के ट्रैफिक व्यवस्था से सम्बंधित पथ निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य सितंबर माह 2024 के अंत तक पूरा कर लेने का निर्देश पदाधिकारियों दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर रांची शहर की ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने का एक बेहतर विकल्प है। इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य में किसी प्रकार से विलंब नही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि रांची शहर वासियों को जल्द से जल्द ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में यातायात नियंत्रण हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

**केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर के कार्य प्रगति की अद्यतन जानकारी रखी। विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सिरमटोली से मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य में दो स्थान पर केबुल स्टे पुल बनना है, इस निमित्त रेलवे से सहयोग मांगा गया है। केबुल स्टे पुल बनने वाले दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए रांची रेल मंडल के डीआरएम ने पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही है। रेलवे विभाग से निर्देश प्राप्त होते ही अतिरिक्त मानवबल लगाकर केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर रांची रेल मंडल के डीआरएम श्री जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार एवं रांची रेल मंडल द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर जिन दो जगहों पर केबुल स्टे पुल बनाया जाना है, वहां निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण हो सके इस निमित्त नियमसंगत प्रावधानों के अनुसार सभी प्रक्रियाएं की जा रही है, जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा।




**संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य को आगे बढ़ाए:** बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग ने जानकारी दी कि मुख्य डाकघर डोरंडा के अधीन लगभग 4 डिसमिल जमीन की उपयोगिता फ्लाईओवर निर्माण में होगी, इस हेतु पोस्ट मास्टर जनरल के साथ वार्ता हुई है, उन्होंने विभाग को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। डाक विभाग द्वारा चार डिसमिल जमीन देने के बदले राज्य सरकार द्वारा उन्हें दूसरी जगह पर जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मास्टर जनरल एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से कहा कि डाक विभाग और पथ निर्माण विभाग आपसी समन्वय बनाकर इस समस्या का जल्द समाधान कर लें।

**मुख्यमंत्री को पथ निर्माण द्वारा किए जा रहे कार्यों की दी गई विस्तृत जानकारी..:** मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन के समक्ष रांची एवं अन्य शहरों में ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतु पथ निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी रखी गई। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विभाग द्वारा रांची में इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ कर चुकी है। रांची में बनने वाले इंटरनल रिंग रोड की कुल लंबाई 52 किलोमीटर होगी। यह कार्य 11 खंडों में कई जानी है, जिसमें तीन विभागों की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है।

**यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के भीतर 12 फ्लाईओवर बनाने की तैयारी:** मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 12 फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरायकेला में 2 और दुमका में एक फ्लाईओवर बनाया जाएगा, वहीं बाकी सभी फ्लाईओवर रांची में बनाए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने जानकारी दी कि राज्य के दुमका, डाल्टनगंज, चाईबासा, गिरिडीह एवं जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। मौके पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि रांची के करमटोली से रिम्स होते हुए बूटी मोड़ तक तथा हिनू से बिरसा चौक होते हुए डीपीएस स्कूल तक फ्लाईओवर निर्माण किए जाने का डीपीआर बनाया गया है। विभाग द्वारा इस योजना का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा, सहायक डाक महा अध्यक्ष रूपक कुमार सिन्हा, सीई, सीडीओ, आरसीडी केके लाल, मुख्य अभियंता यातायात मनोहर कुमार सहित पथ निर्माण विभाग के अन्य पदाधिकारीगण तथा एलएंडटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चार दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद संजय सेठ चार दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री सेठ शुक्रवार 14 जून को दोपहर में रांची पहुंच जाएंगे। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद दीपाटोली स्थित सैनिक छावनी परिषद के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शनिवार, 15 जून को रक्षा राज्यमंत्री ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। रविवार 16 जून को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची शहर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा आयोजित अभिनंदन व संवाद कार्यक्रम में भी केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे। सोमवार, 17 जून को सिल्ली के विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और फिर दोपहर को नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## 72 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करें अन्यथा होगा उग्र आंदोलन : सोनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोना चांदी व्यावसायिक समिति रांची संतोष कुमार सोनी सदस्य ने पत्रकारों को बताया कि पंडरा थाना क्षेत्र के आईटीआई बस स्टैंड के नजदीक बाजरा के पास दिन के लगभग 12ः00 बजे तीन हथियार बंद लुटेरों ने लगभग 80 से 90 लाख रुपया की जेवरात की लूट कर फरार हो गया। सोना चांदी व्यवसाय समिति इस दुर्घटना की घोर निंदा करती है ,साथ ही साथ जिला प्रशासन से अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करती है । यदि 72 घंटा के अंदर अपराधी गिरफ्तार नहीं होते हैं तो सोना चांदी व्यवसाय समिति उग्र आंदोलन करेगी। क्योंकि बिना



नंबर के पल्सर गाड़ी में और पिस्तौल लेकर तीन लोड बाइक चलाते हुए घटना को अंजाम दिए ट्रैफिक पुलिस भी क्या कर रही थी यह बात भी संदेह के घेरे में है । दो-तीन महीना पहले यहीं से दो-तीन किलोमीटर के अंतराल में गोल्ड प्लाजा नमक दुकान में भी डकैती हुई थी, वह भी दिनदहाड़े और आज तक अपराधी पकड़ा नहीं गया । लगातार बढ़ती हुई दुर्घटना का हमारा समिति घोर निंदा करती है।

## दीपक प्रकाश को राँची झील की समस्याओं से अवगत कराया : मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राँची का बड़ा तालाब रांची झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश को राँची झील की समस्याओं से अवगत कराया।राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा को राँची झील को जल्द से जल्द साफ कराने की मांग की । प्रकाश ने राज्यपाल से मिलने का समय मांग है ताकि उनके नेतृत्व में समति के लोग राँची झील की दुर्दशा एव समस्याओं के बारे में बताए एवं समाधान की मांग कर सके ।कार्यक्रम में लंकेश सिंह , मनीष मिश्रा , प्रभात रथ , रविन्द्र मिश्रा , इंदर सिंह , विशाल मिश्रा सहित दर्जनों समिति के सदस्य शामिल थे ।

## रक्तवीर सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सक्रिय स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा संस्था के द्वारा 13 जून 2024 दिन गुरुवार को विश्व रक्तदाता दिवस के पूर्व संध्या पर रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सदर अस्पताल के सामने सत्य भारती हॉल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सैयद इकबाल ने किया। मंच संचालन लहू बोलेगा संस्था के संयोजक नदीम खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड अल्पसंख्यक



आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार, रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, एदारा ए शरिया झारखंड के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव मौलाना डॉक्टर असगर मिस्बाही थे। इस कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले पत्रकार आदिल रशीद को रक्तवीर सम्मान समारोह 2024 से एसडीओ, चेयरमैन, सिविल सर्जन के हाथो सम्मानित किया गया। इनके अलावा 82 रक्तदाता को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉक्टर मुजफ्फर हुसैन, मो कामरान, इमरान अंसारी, साजिद उमर, काज़ी मसूद फरीदी, अनिल अंशुमन, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरसों तेल लदी पिकअप वैन लूटकर भागने वाला लूटेरा गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला अंतर्गत बीजू पाड़ा के चान्हो थाना क्षेत्र के कटैया मोड़ के पास एन एच 75 से पिकअप वाहन में लदा करीब 220 पेटी सरसों तेल लूटने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि तेल पेटी लूटे जाने के बाद में व्यवसाय ने चान्हो थाना में 30 मई को मामला दर्ज कराया था और इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक को दी गई थी



। इसके बाद खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई और छापेमारी दल के द्वारा एक युवक की गिरफ्तारी हुई है जिसका नाम शहंशाह है और वह चतरा जिला के शहादत मुहल्ला का रहने वाला है। उसके द्वारा पूछे गए घटनाक्रम की जानकारी में उन्होंने अपने सहयोगियों का भी नाम बताया है, जो उसके साथ उस लूट में शामिल था। मुख्य रूप से मजहर उर्फ राजा, अमन अंसारी उर्फ सोनू ,वसीम सहित अंजर और तालिब का भी नाम शामिल हैं। पुलिस बाकी लूटेरों की खोजबीन शुरू कर दिया है । पुलिस ने अभी तक पिकअप वैन जेएच01सीवाई 0673 बरामद किया है । इस उद्भेदन में खिलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी, चन्हो थाना प्रभारी अजीम अंसारी सहित कई पुलिस बल शामिल थे।

## जोबा मांझी ने विधायक पद से दिया इस्तीफा सिंहभूम से बनी हैं झामुमो सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र महतो को पत्र सौंपा । मनोहरपुर से विधायक रहते हुए लोकसभा चुनाव लड़ते हुए जोबा माझी ने अपनी निकटकम प्रतिद्वन्द्वी भाजपा की गीता कोड़ा को हराकर संसद पहुंची हैं। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर जोबा माझी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में 10-सिंहभूम संसदीय क्षेत्र, झारखंड से वह संसद सदस्य (लोकसभा) निर्वाचित हुई हैं। सम्प्रति, वह 55-मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड विधानसभा सदस्य हैं अतः विहित प्रावधानों के अनुसार झारखंड विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया जाना उन्हें अपेक्षित प्रतीत होता है। अतः वह 13.06.2024 से विधानसभा के अपने स्थान का त्याग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आग्रह है कि इस पत्र को सदस्य, झारखंड विधानसभा (55-मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र) से उनका त्यागपत्र समझा जाये एवं तत्काल प्रभाव से इसे स्वीकृत करने की कृपा की जाये।

### नाबालिग के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म केस में तीन आरोपित दोषी करार

**रांची :** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित अनिकेत सांगा, अजय मिर्धा और सुलेंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को गुरुवार को दोषी ठहराया है। आरोपितों की सजा के बिंदु पर कोर्ट में 21 जून को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर 2020 की रात 12.30 बजे आरोपितों ने नाबालिग का घर से अपहरण किया था। घर से अपहरण कर पीड़िता को हटिया क्षेत्र के जंगल में ले जाकर आरोपितों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

## रांची में दिनदहो लूट, जेवर दुकान को बनाया निशाना, लाखों की ज्वेलरी लेकर फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पंडरा थाना क्षेत्र के बाजरा में अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए पंचवटी ज्वेलर्स में लूट की घटना को अंजाम दिया है। करीब पचास लाख से अधिक के जेवर लूट बताई जा रही है। घटना गुरुवार की दोपहर करीब बारह बजे के आस पास की है। तीन की संख्या में हथियारबंद अपराधी बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से अचानक दीपक साहू के पंचवटी ज्वेलर्स पहुंचे और दुकानदार को अपने कब्जे में लेकर लाखों के गहने लूट कर फरार हो गए। तीनों अपराधी हथियार से लैस थे। जेवर दुकानदार के अनुसार लाखों के गहनों की लूट हुई है, स्टॉक मिलाने के बाद ही कितना जेवर अपराधी ले गए यह पता चल पाएगा।पंडरा थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने




एक वे गवाही देने के लिए रांची से बाहर आए हुए हैं, लूट की सूचना मिली है जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। जेवर दुकान में लूट की सूचना मिलते ही पूरे शहर में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। जेवर दुकानदार ने बताया है कि तीनों अपराधी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हुए हैं। बता दें कि इसी क्षेत्र के गोल्ड प्लाजा ज़ेवर दुकान में कुछ महीने पहले की घटना है अब तक पुलिस को इस घटना से संबंधित कोई सफलता नहीं मिली है।

**सिटी एसपी ने कहा :**सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घटना हुई है, जिस वक्त घटना घटी है उस वक्त दुकानदार की मां और एक स्टाफ था। उन्होंने कहा कि अभी जेवर की किमत कितनी है लिखकर दिया नहीं है, सोना से ज्यादा चांदी था। मैंने पहले भी जेवर एसोसिएशन के साथ बैठक करके कहा था कि सीसीटीवी कैमरे दुकान के अंदर और रोड की दिशा में लगायें, एक गार्ड रखें, शीशा का गेट के साथ बाहर में चेन लगाकर रखें ताकि अपराधी भाग न सके।

## तीन नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों पर खास ध्यान, किसी भी थाने में दर्ज करा सकते हैं एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एक जुलाई 2024 से देश के तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को लागू कर दिया गया है।इस कानून की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा एक कार्यशाला पत्रकारों के साथ आयोजित किया गया था। जिसमें बताया गया कि अब आनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकते हैं,देश के किसी भी थाना में अब आपका केस दर्ज हो सकेगा, महिला, बच्चा,साठ से अधिक उम्र वाले और गंभीर बीमारी वाले को थाना नहीं बुलाया जायेगा। ऐसे कई संशोधन किए गए हैं। बता दें कि भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में पत्रकारों, कानून विदों और पुलिस अधिकारी ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची के वाइस चांसलर, प्रोफेसर अशोक आर. पाटिल ने मुख्य अतिथि ने बताया कि पुराने कानून की जगह पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो आगामी एक जुलाई ,2024 से लागू होने जा रहे हैं ,उसमें पीड़ित पक्ष का काफी ख्याल रखा गया है । उन्होंने कहा कि इन तीन नए कानूनों को बनाने में पूरे देश भर के प्रमुख लॉ कॉलेज के प्रोफेसरों, रिसर्चर, देशभर से विभिन्न पार्टियों के142 सांसद, 272 विधायक और सामान्य जन से चर्चा की गई, तब जाकर इस कानून को लागू किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक



अखिल कुमार मिश्रा ने अपने की नोट एड्रेस÷ में कहा कि नए कानून में पुराने कानून के जो आवश्यक प्रावधान थे ,उसे रखा गया है और जो गैर जरूरी थे उन्हें हटा दिया गया। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडीस एंड रिसर्च इन लॉ रांची के सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर शुभम श्रीवास्तव ने बतौर एक्सपर्ट के तौर पर लोगों को पुराने इंडियन पेनल कोड ,एविडेंस एक्ट और कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर के बदले गए प्रावधानों की चर्चा करते हुए इस बात पर बल दिया कि नए प्रावधान में महिलाओं व बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है। अब पीड़ित देश के किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर सकेंगे। रांची के सिटी डीएसपी कुमार वेंकटेश रमन ने भारतीय न्याय संहिता की तुलना एक जुलाई, 2024 से बंद होने वाले इंडियन पेनल कोड के विभिन्न प्रावधानों का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इसमें कुछ नए जुर्म को शामिल किया गया है और कई पुराने जुर्मों को हटा दिया गया है- मसलन अब आत्महत्या का प्रयास अपराध की श्रेणी में नहीं रह जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मॉब लिंचिंग व संगठित अपराध पर अधिक सख्त रवैया अपनाया गया है।नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्कर्ष वर्मा ने विशेषज्ञ के तौर पर उद्बोधन में नए कानून के कई विशेषताओं पर व्यापक चर्चा की स्वागत भाषण में विभाग के अधिकारी राजेश सिन्हा ने दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर ने किया ।

### जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को ईडी ने किया कोर्ट में पेश, भेजा गया जेल

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के प्रतिनिधियों से अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट बारी-बारी से मांगी गयी। विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से कहा कि पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या बहुत ही गम्भीर है इसे यथाशीघ्र दूर करें। जिस गांव में ट्रांसफर्मर खराब या अन्य किसी कारण से बिजली बाधित की खबर ग्रामीणों द्वारा सूचना दी जाती है तो उस गांव का लाइट एक सप्ताह के अंदर ठीक किया जाना चाहिए। बिजली से गांवों में कई लोग अपनी जाने गंवा चुके हैं उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का प्रयास करें। विधायक ने पेय जल विभाग के बारे में कहा कि जल नल योजना का शिलान्यास मांडर विधानसभा क्षेत्र व बेड़ो प्रखंड के सभी पंचायत मे कर दिया गया है और इस पर काम चल रहा है। इसके कार्य में लापरवाही हो तो बीडीओ उसपर द्वारा कारवाई किया जाये। साथ ही प्रत्येक पंचायत मे दस दस बोरिंग की योजना चलाई गई है, उसे लेकर विधायक ने पेयजल विभाग के जेई को जल्द पुरा करने को कहा। समीक्षा बैठक के दौरान बेड़ो समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से 21 लाख रूपैये लेकर फरार भगोडे पर अबतक एफआईआर नहीं होने पर स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी पर भड़की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। बैठक के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने के बाद थाना में एफआईआर करने का दिया निर्देश। विधायक ने आयुष्मान योजना के फंड का सही उपयोग नहीं करने का लगाया आरोप। विधायक ने अबुआ आवास, वृद्धा पेशन, विधवा पेशन, प्रकृतिक अपादा द्वारा घर क्षति मुआवजा, सड़क दुर्घटना मुआवजा व अन्य विषयों पर भी चर्चा किया। बैठक के उपरांत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आपदा पीड़ित मृतक के परिजनों के बीच चेक वितरण किया। जिसमें व्रजपात से मृतक के रूपमणि देवी, सड़क दुर्घटना के गुजरी उराईन, सुमति उराईन, देवनिस तिग्गा, जयमंगल कुजूर को चेक दिया गया। मौके पर बीडीओ राहुल उराँव, सीओ प्रताप मिंज, जिपस बेरोनिका उरांव, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मोदासीर हक, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, नवल सिंह, मन्कु कुजूर, फहीम अंसारी, संजय कच्छप, पंचू मिंज, सोमरा लोहरा, समशाद अंसारी सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा बेल्ट सेरेमनी का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे आदर्श नगर स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वावधान में 12 जून को बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। सिहान सुनील किस्पोट्टा के निर्देशन में संदाई उमाशंकर महतो ने सभी खिलाड़ियों को बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बेल्ट पाने वाले खिलाड़ियों में आयुषी कुमारी,आद्विक सिंह को आरेंज बैल्ट, नैन्सी कुमारी, आकांक्षा कुमारी और हिमांशु कुमार को ब्लू बैल्ट प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के लोग



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए।जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय बैठक हुई,जिसमे एससी/एसटी/ ओबीसी काउन्सिल,सीसीएल प्रबंधन और एसटी आयोग के पदाधिकारी शामिल हुए।इस बैठक में एससी एसटी ओबीसी से जुड़े कई समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रमोशन,रोस्टर,बैकलॉग और विस्थापन के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।बैठक में शामिल पिपरवार क्षेत्र के लोगों ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया,जिसका समाधान करने का भरोसा दिया गया।बैठक में काउंसिल की ओर से कोल इंडिया अध्यक्ष बृजकिशोर पासवान, कोल इंडिया उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,पिपरवार सचिव रतन लाल,रमेश भोगता,प्रेम कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## फसल गिरने की कोई शिकायत देखने को नहीं मिली : राज कुमार राय

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की इकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 7711 धान बीज से बदलती प्रकृति में भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है। आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्म, श्रीराम सुपर 7711, बिहार के किसानों में बेहद लोकप्रिय हो रही है। बिहार, सारण के ऐसे ही एक अनुभवी किसान राज कुमार राय ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 7711 धान बीज की बुवाई की थी । उनका कहना है कि इसमें मजबूत तना, 14-16 कल्ले, चमकदार दाने होते हैं इसमें उन्हें फसल गिरने की कोई शिकायत देखने को नहीं मिली । श्रीराम सुपर 7711 धान बीज के साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 4400, 4466 और 4433 भी पिछले कुछ सालों से अपने शानदार परिणाम के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए है ।

## बजट मोबाइल फोन की विविध रेंज लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शॉप्सी ने अपने तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की उभरती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बजट मोबाइल फोन की विस्तृत रेंज पेश की है। शॉप्सी मोटोरोला, वीवो, ओप्पो, रियलमी, सैमसंग, एमआई और कई अन्य शीर्ष ब्रांडों सहित शीर्ष ब्रांडों के मोबाइल फोन की एक श्रृंखला पेश करता है, जिनकी कीमत 15,000 रुपये से कम है और इनकी शुरुआती रेंज 5,000 रुपये है।मोबाइल फोन श्रेणी शॉप्सी ने इस साल की शुरुआत में लॉन्च होने के बाद से मांग में 5 गुना वृद्धि का अनुभव किया है। हर महीने नए मोबाइल लॉन्च होने से उपयोगकर्ताओं में उत्साह पैदा होता है, जिसके परिणामस्वरूप लॉन्च के दिनों में 3 गुना वृद्धि होती है। अहमदाबाद, नई दिल्ली, हिसार, कोलकाता और जींद जैसे शीर्ष शहरों में मोबाइल श्रेणी के साथ मजबूत जुड़ाव दिखाई देता है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, मेडिसिन स्टोर समेत कई वार्डों का भ्रमण किया। जहां चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी उपस्थित पाये गये। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों को अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। अनुमंडल पदाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात चीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल में चिकित्सक द्वारा ईलाज व अस्पताल में मिल रही सुविधा के संदर्भ में जानकारी ली। इस मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ रंजीत कुमार, डॉ प्रशांत, डॉ रविकांत, डॉ अभिषेक व अन्य मौजूद रहे।

## झारखंड युवा एकता संगठन के पदाधिकारियों ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के निवासी जो दिल्ली में प्रवासी श्रमिक के तौर पर कार्यरत है और प्रवासी श्रमिको के समस्या तथा समाधान के लिए झारखंड युवा एकता संगठन बनाया गया है जिसमे जो प्रवासी श्रमिक कार्य करते है और कोई भी समस्या आती है तो संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते है।इसी परिपेक्ष्य में गुरुवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु यादव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुजीत यादव,राष्ट्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र यादव,हरिप्रसाद यादव,राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र रावत,उमेश यादव के द्वारा प्रचंड मतों से दुबारा जीत दर्ज कर कोडरमा लोकसभा सांसद सह केंद्र सरकार में महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपुर्णा देवी से मुलाकात कर बधाई दिए एवं प्रवासी श्रमिकों के हित के लिए कई समस्याओं पर चर्चा किये तो मंत्री अन्नपुर्णा देवी के द्वारा सभी समस्या का समाधान के लिए आश्वासन दिया।

## फ्लिपकार्ट और डीपीआईआईटी ने मिलाया हाथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ्लिपकार्ट ने भारतीय खिलौना निर्माताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित करने के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ सहयोग किया है। यह पहल भारत को वैश्विक खिलौना निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार के रणनीतिक प्रयास के अनुरूप है।कार्यशाला, जिसमें देश भर से सैकड़ों खिलौना निर्माताओं ने भाग लिया, ने कौशल बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए खिलौनों की गुणवत्ता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस कार्यक्रम में फ्लिपकार्ट के साथ इंटरैक्टिव सत्र और विशेषज्ञों के नेतृत्व वाली चर्चाएँ शामिल थीं, जिसमें गुणवत्ता में सुधार, उद्योग मानकों का पालन और बाजार के विस्तार के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने पर जोर दिया गया।

## अवैध माईका माइंस में घंसी चाल, एक महिला की मौत, मामला दर्ज

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर आरक्षी वनक्षेत्र में अवैध रूप से संचालित माईका माइंस में चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई. जहाँ मृतक महिला की पहचान नूरजहां, पति- मतला छतरबर निवासी के रूप की गई।इधर घटना की जानकारी के मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि तब तक वहां कोई नहीं मिला। बताया जा रहा है कि घटना के बाद शव का वहां से आनन- फानन में गायब कर दिया गया। अगल-बगल की महिलाओं से घटना की जानकारी के बाद यह मामला सामने आया. वहीं दूसरी ओर वन पाल छत्रपति शिवाजी द्वारा कोडरमा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें तिलैया थाना क्षेत्र के महुंडरा निवासी महेंद्र यादव, पिता मुंशी यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज मामले में कहा गया है कि महेंद्र यादव द्वारा हीं वहां अवैध उत्खनन कराया जा रहा था, जिससे यह घटना हुई।इधर कोडरमा पुलिस मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## राय छलटा मे डायवर्सन से हो रही कोयला ढुलाई का ग्रामीणो ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग तक कोयला ढुलाई का कार्य राय सपही नदी के डायवर्सन से किये जाने का स्थानीय ग्रामीणो ने विरोध किया है।इसको लेकर राय सामुदायिक भवन में ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक मे राय सपही नदी से सीसीएल प्रबंधन के द्वारा ओबी गिराकर डायवर्सन बनाकर कोयला ढुलाई किये जाने का ग्रामीणो ने विरोध किया हैं।ग्रामीणो ने कहा कि राय छलटा पुल का निर्माण चल रह है,वही पुल के बगल से नदी के बीच ओबी गिराकर डायवर्सन बनाकर कोयला ढुलाई का काम किया जा रहा है जिससे नदी पूरी तरह से प्रदूषित हो रही है।इसके अलावे ट्रांसपोर्टिंग रोड के लिए जमीन देने वाले स्थानीय ग्रामीणो को आरसीएम साईडिंग मे रोजगार देने की मांग की गई है।ग्रामीणो ने कहा कि ग्रामीणों को रोजगार देने और राय सपही नदी को प्रदूषण मुक्त करने की मांग को लेकर 7 जून को स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को ज्ञापन दिया गया था,लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने अब 15 जून से बंदी का आह्वान किया है। बैठक में बंदी को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।ग्रामीणो ने कहा कि साइडिंग से गिरने वाला सलेरी और उड़ने वाली धूल से यहां के रैयतो के खेत है वह प्रभावित हो रही है,लेकिन इस पर सीसीएल प्रबधंन का कोई ध्यान नही है।बैठक में सभी ग्रामीणों को एकजुट होकर बंदी को सफल बनाने का आह्वान किया गया।बैठक मे दुर्गा महतो,दीपक कुमार महतो, हरीश कुमार,विजय कुमार, संदीप कुमार,प्रकाश कुमार, विकास कुमार,संतोष महतो, सरवन मद्रासी,लखन महतो, तुलसी महतों,गुदा महतो, कालेश्वर महतो,संतोष प्रजापति,संजय कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बेहतर शिक्षा और बच्चों का सर्वांगीण विकास पहली प्राथमिकता : डॉ. रिशु चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में नयी प्रचार्य के रूप मे डॉ. रिशु चौधरी ने अपना योगदान दे दिया है।योगदान देने के साथ ही उन्होंने अपना कार्यभार संभाल ली है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान नयी प्रचार्य डॉ. रिशु चौधरी ने कहा कि स्कूल में बेहतर शिक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है।

बच्चों के बेहतर शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।साथ ही स्कूल में व्याप्त समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।उन्होंने कहा कि स्कूल मे सभी बेहतर शिक्षक और शिक्षिकाएं हैं और सभी के साथ मिलकर टीम भावना के साथ स्कूल को आगे बढ़ाना है।बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन और बेहतर एंव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए काम किया जा रहा है।उन्होने कहा कि स्कूल के बेहतर संचालन में क्षेत्र के सभी अभिभावकों का अहम योगदान है।उन्होंने कहा कि डीएवी बचरा में बहुत जल्द कई सुविधाएं चालू होने जा रही है,जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के फिजिक्स में नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाएगी।इसके अलावे स्कूल के बच्चों के आईआईटी एंव जेईई कोचिंग के लिए डीएवी हेहल,डीएवी कपिलदेव और डीएवी गांधीनगर से सीधा सम्पर्क किया जा रहा है,जिससे यहां के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सफलता संभव नहीं है और शिक्षा से ही बच्चे शून्य से शिखर तक पहुंचते हैं।साथ ही उन्होंने स्कूल में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए स्थानीय प्रबंधन से बात करने की बात कही।उन्होंने स्कूल के बेहतर संचालन के लिए क्षेत्र के अभिभावकों से सहयोग करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल के शिक्षक आरबी प्रसाद,प्रेम सागर,सुमित कुमार,जीएसपी शर्मा,सुरेश कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## वाईबीएन यूनिर्वसिटी सभागार में आजसू पार्टी की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के राजाउलातु पंचायत अन्तर्गत वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में आजसू पार्टी की बैठक सम्पन्न हुआ द्य बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र सिंह ने तथा संचालन राजू उरांव ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि हर वैसे दबे कुचले अवाम जिसकी वैगर बिचौलिया के काम नहीं होता है, वैसे लोगों का अवाज बनेगी आजसू पार्टी जन जन की सेवा के लिए खिजरी विधानसभा स्तरीय अपना आजसू यानि कि (आजसू पार्टी हेल्प डेस्क सेन्टर) का गठन किया जा रहा है क्योंकि आजसू पार्टी धर्म की राजनीति नही करता है आजसू पार्टी विकास की राजनीति करती है। पूर्व भारतीय खाद्य निगम के मजदूर नेता विनोद वर्णवाल को आजसू पार्टी की अंग वस्त्र पहना कर आजसू पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। मौके पर केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ सुधिर कुमार यादव,राँची जिला महिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, श्रमिक संघ के माथुर प्रसाद, दिलीप महतो,प्रखण्ड सचिव विनोद मुण्डा, धीरज नाग,चमरा विंहा,सुखराम लोहार,राजू मुण्डा,बिशुन गाड़ी,भूपेश उरांव, अभीशेक कुमार, जंयती देवी जिला सचिव वीणा देवी,सावित्री देवी,रीणा देवी,रूपा देवी,आराधना देवी, मगदली विंहा,कुसुम मुण्डा,पदमा देवी,आशालता देवी आदि उपस्थित थे।

## डुगडुगिया ग्राम के अवैध खनन क्षेत्र से बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुप्त सूचना के आधार पर खनिज का अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध छापामारी कर खूंटी के डुगडुगिया ग्राम के अवैध खनन क्षेत्र से बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर जप्त किया गया। ट्रैक्टर छोड़कर चालक घटनास्थल से भाग जाने में सफल रहा। इस ट्रैक्टर में ड्रील मशीन लगे है जिसे खूंटी थाना को सुपुर्द किया गया। मामले में ट्रैक्टर मालिक, चालक सहित 21 अवैध खननकर्ता/परिवहनकर्ता और खनिज व्यापार में संलग्न लोगों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापामारी टीम में खूंटी थाना के पुलिस बल एवं जिला खनन कार्यालय, खूंटी के कर्मी पवन देव गौंझू, मथुरा सिंह मुंडा और सुमित भेंगरा शामिल थे। उक्त जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी, खूंटी राम नरेश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी के डुगडुगिया ग्राम क्षेत्र में बेलांगी निवासी परवेज आलम, हुटार ग्राम के सुनील महतो, कनाडीह निवासी आनंद भेंगरा, सोनार चलागी के किशोर साहु तथा चलागी के पियुष सांगा, चमरा सांगा एवं मंदरुटोली के अमर सांगा द्वारा चलागी क्षेत्र में पत्थर का अवैध खनन कर व्यापार किया जाता है। उक्त सूचना के आलोक में चालागी क्षेत्र में औचक छापामारी की गई थी।

## सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन का निर्माण कार्य की योजना आगे बढ़ना सुखद : अरुण जोशी

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रेलमंडल में सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने की सूचना पर प्रसन्नता जताते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इस प्रयास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, रेल लाइन के निर्माण हेतु बजटीय स्वीकृति दिलाने में सहयोग के लिए रांची के सांसद संजय सेठ के प्रति आभार जताया। यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने इस मामले में माननीय रेल मंत्री से निरंतर समनव्य बनाकर प्रयासों को गति दी. सिल्ली इलू रेललाइन का निर्माण माननीय सांसद महोदय के प्रयासों का ही प्रतिफल है। इस पहल से रांची-हावड़ा-टाटा की दूरी कम होगी,सफर सुगम होगा,एक घंटे के समय और ईंधन की बचत होगी। सिल्ली इलू रेल लाइन के निर्माण कार्य को आरम्भ करने की निरंतर मांग के लिए उन्होंने झारखण्ड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अलावा डीआरयूसीसी मेंबर प्रेम कटारुका, रांची रेलमंडल के पूर्व डीआरएम प्रदीप गुप्ता और सभी स्थानीय मीडिया के बंधुओं के प्रति भी आभार जताया। यह भी कहा कि यह लाइन झारखंड की राजधानी रांची से झारखंड की औद्योगिक राजधानी टाटानगर एवं अन्य जगह आने जाने के लिए बहुत ही उपयोगी होगी।

# जिला प्रशासन की पहल पर बेसिक कार्यक्रम का संचालन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला प्रशासन के विशेष पहल पर छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से बेसिक कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। खूँटी जिले के तीन प्रखंडो मुरहू, खूँटी और अड़की के 9 विद्यालयों में बेसिक प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। जिसके काफी बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। इसमें हिंदी की क्लास 5 तक का बेसिक कॉम्पिटेसी तैयार किया गया और कार्य योजना तैयार की गई। कार्यक्रम के संचालन के लिए खूंटी जिले के तीन ब्लॉक के 9 विद्यालयों का चयन किया और चयनित विद्यालयों में बच्चों के लर्निंग लेवल की जाँच के लिए उचित क्षमता को ध्यान में रखकर कक्षा के अनुसार प्रश्न पत्र तैयार कर बच्चों का बेसलाइन लिया गया। बेसलाइन में आये परिणामों को ध्यान में रखकर इन विद्यालयों के बच्चों के लर्निंग लेवल को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित कार्य योजना तैयार की गई। जिसके अनुसार बच्चों के लर्निंग लेवल के अनुसार विद्यालयों में बच्चों का उपसमूह बनाकर बच्चों के स्तर के अनुसार शिक्षण कार्य किया गया। बच्चों के साथ किये जाने वाले शिक्षण गतिविधियों पर शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण किया गया है एवं नियमित रूप से विद्यालय स्तर पर ओंनसाईट सहयोग, बच्चों के साथ कार्य का डेमो, एवं बच्चों के लर्निंग लेवल को ध्यान में रखकर शिक्षकों के साथ मिलकर योजना तैयार किया गया और उसपर कार्य किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को स्लरस्रू हिंदी में फोर ब्लॉक्स अप्प्रोच और शिक्षण सामग्री का उपयोग कर कांटेक्स्ट मेथड से कैसे पढ़ना है, गणित में शिक्षण सामग्री का उपयोग, पुस्तकालय की किताबों पर गतिविधि और पुस्तक नियमित पढने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों को स्लरस्रू पुस्तकालय की किताबों का नियमित उपलब्धता, बच्चों की स्तरानुसार आवश्यक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही इसे लेकर विद्यालयों में नियमित निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया जा रहा है एवं इसमें बच्चों के लर्निंग लेवल को देखा जा था है, सात ही शिक्षकों और सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। विद्यालय स्तर पर बच्चों का लर्निंग ट्रैकिंग नियमित करना और प्लान के अनुसार बच्चों के साथ नियमित कार्य किया गया। बेसिक प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग, सिनी टाटा ट्रस्ट को आगे 5 प्रखंड के विद्यालयों में कक्षा 3 से 5 के बच्चों के साथ बेसिक प्रोग्राम संचालित करने की योजना है।

## शपथ पत्र

मैं सुशीला देवी, पति रंजीत महतो, निवास स्थान ग्राम निधिया, पोस्ट बिकुवादाग, थाना कर्रा, जिला खूंटी राज्य झारखंड का निवासी हूं, शपथ पूर्वक बयांन करती हूं जो कि मेरे जानकारी में सत्य एवं सही है।

1.यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

2.यह है कि मेरा आधार नंबर 2738 2810 1288 में मेरा नाम गलती से हुसलु देवी दर्ज है।

3.यह है कि मेरे सभी दस्तावेज में नाम सुशीला कुमारी देवी दर्ज है।

4.यह है कि मेरी शादी के बाद मेरा नाम सुशीला देवी है, जबकि शादी से पहले मेरा नाम सुशीला कुमारी था।

5.यह है कि मैं यह शपथ पत्र आधार नंबर 2738 2810 1288 में सही नाम सुशीला देवी दर्ज कराने हेतु दे रही हूं।

6.यह है कि उपर वर्णित सभी बातें मेरे जानकारी में सत्य एवं सही है।

**सुशीला देवी**
**शपथकर्ता**

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# टाटा स्टील और ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्विद्यालय के बीच हुआ एमओयू

*9 सेंटर डिकार्बोनाइजेशन, सस्टेनेबल सोर्स से रिसोर्स रिकवरी और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करेगा*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी ने एनवायरनमेंट और इंटेलिजेंट मैन्युफैक्चरिंग पर सेंटर फॉर इनोवेशन स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। इस समझौता से डीकार्बोनाइजेशन, सस्टेनेबल सोर्स से रिसोर्स रिकवरी और उन्नत, एडिटिव और डेटा-संचालित मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रौद्योगिकियों जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग किया जा सके। यह समझौता ज्ञापन एक मील का पत्थर है जो किसी ऑस्ट्रेलियाई संस्थान के साथ टाटा स्टील के पहले प्रमुख अनुसंधान और विकास सहयोग की शुरुआत का प्रतीक है। व्यापक स्तर पर, यह साझेदारी ऑस्ट्रेलियाई इनोवेशन इकोसिस्टम को भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करेगी।टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा, दुनिया में दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक देश के रूप में, वैश्विक इस्पात उद्योग में भारत की भूमिका ने न केवल मात्रा और गुणवत्ता के



मामले में, बल्कि दुनिया के पसंदीदा मिश्र धातु के निर्माण के तरीके के मामले में भी काफी प्रगति की है। आज, हम एक विस्तृत इकोसिस्टम का निर्माण कर रहे हैं जिसमें शिक्षा जगत और स्टार्टअप की दुनिया के भागीदार शामिल हैं। मोनाश विश्वविद्यालय के साथ हमारा समझौता, जो मटेरियल साइंस में एक प्रभावशाली तथा प्रतिष्ठित संस्थान है और अनुसंधान को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने की क्षमता रखता है, जो इस इकोसिस्टम में एक अतिरिक्त सुविधा है।मोनाश विश्वविद्यालय के उप कुलपति (एंटरप्राइज तथा एंगेजमेंट) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर डोरोन बेन-मीर ने कहा, हमें मटेरियल साइंस और रासायनिक प्रक्रिया अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए टाटा स्टील के साथ सहयोग करने पर खुशी है। यह सहयोग उद्योग-संबंधी अनुसंधान और स्केल-अप में मोनाश विश्वविद्यालय की विश्व-प्रसिद्ध विशेषज्ञता पर आधारित होगा। इंजीनियरिंग संकाय के प्रोफेसर मैनाक मजूमदार और 2डी मटेरियल (एएम2डी) के साथ उन्नत विनिर्माण के लिए एआरसी अनुसंधान केंद्र के निदेशक ने कहा, सेंटर फॉर इनोवेशन स्थानीय रूप से सोचने, लेकिन वैश्विक रूप से कार्य करने के हमारे मिशन के साथ रणनीतिक रूप से संरेखित है, क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में विकसित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए प्रभाव पैदा करने का प्रयास करते हैं।

## बेंगलुरु की संस्था मैट्रिक में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को देगी छात्रवृत्ति

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्याधन एक अखिल भारतीय उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति है जो सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जाती है, जिसकी स्थापना कुमारी विबूलाल और एसडी विबूलाल द्वारा की गई है। इस संबंध में संस्था के राज्य समन्वयक दीपेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्याधन ने 1999 में अपनी स्थापना के बाद से अभी तक 17 राज्यों में 41000 से अधिक छात्रवृत्तियां वितरित की हैं। वर्तमान में, देशभर में 7700 से अधिक छात्र हैं, वजन में झारखंड के 300 से अधिक छात्र हैं। विद्याधन छात्रवृत्ति 2 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के छात्रों के लिए है। छात्रों को झारखंड राज्य से अपनी 10वीं की परीक्षा वर्ष 2024 में 75 प्रतिशत या 7.5 सीजीपीए ( विशेष छात्रों के लिए 60 प्रतिशत या 6.0 सीजीपीए) के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। चयनित छात्र इंटरमीडिएट के लिए प्रतिवर्ष 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति की राशि के लिए पात्र होंगे। यदि अच्छा प्रर्दशन करना जारी रखते हैं, तो उन्हें डिग्री कोर्स करने के लिए प्रतिवर्ष 15,000 रुपये से 75,000 रुपये के बीच दिया जाएगा। जो पात्र हैं वे 7 जुलाई 2024 तक 222.vidyadhan.org या SDF विद्या ऐप(Google Play स्टयर में SDF विद्या ऐप उपलब्ध है) में लॉगइन करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया vidyadhan.jharkhand @ sdfoundationindia.com पर हेल्प डेस्क नंबर 9663517131 पर संपर्क करें ।




## मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से तुरंत राहत हेतु मूव कूल लॉन्च

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी पेन रिलीफ ब्रांड मूव ने कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक क्रांतिकारी इनोवेशन 'मूव कूल' को लॉन्च किया है। मेन्थॉल की कूलिंग पावर से भरपूर, इस नए प्रोडक्ट को एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़ी चोटों, मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दिसंबर 2021 में हुए रेकिट पेन इंडिया डीसीजी डिमांड सर्वे, जिसमें भारत के 4000 से अधिक उत्तरदाताओं ने हिस्सा लिया। इस सर्वे में शामिल करीब 8 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने बताया कि उन्हें हुए अधिकांश दर्द का कारण खेलकूद या व्यायाम कर रहे हैं। मूव कूल मांसपेशियों में दर्द, मोच और खिंचाव जैसी फिटनेस से जुड़ी चोटों को ठीक करता है। मेन्थॉल से भरपूर, मूव कूल बर्फ जैसी ठंडक का एहसास देता है', जो दर्द से प्रभावित हिस्से को सुन्न करने में मदद करता है और 15 सेकंड में काम करना शुरू कर देता है'। मूव कूल भारत के सभी प्रमुख ऑफ़लाइन और ऑनलाइन रिटेल स्टोर पर जैल और स्प्रे जैसे दो सुविधाजनक विकल्पों में उपलब्ध है। इस रेंज में 10 ग्राम और 20 ग्राम जैल शामिल हैं जिनकी कीमत क्रमशः 60 रुपये और 110 रुपये है, वहीं स्प्रे में 15 ग्राम की कीमत 85 रुपये और 35 ग्राम की कीमत 186 रुपये है।




## बकरीद को लेकर कपाली ओपी ने शांति समिति के साथ बैठक की

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत डांगरडीह सामुदायिक भवन में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. जहां क्षेत्र के तमाम शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित हुए. इस दौरान चांडिल एसडीपीओ ने कपाली क्षेत्र के वासियों को बकरीद पर्व का शुभकामनाएं दिए और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और भाईचारा के साथ मिलकर बकरीद मनाने का आग्रह किया. वही कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील की है कि अपने नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने ना दे. शहर में आए दिन सड़क दुर्घटना जैसी घटनाएं होती नजर आ रही है।




## पारिवारिक कलह से होमगार्ड जवान ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उलीडीह थाना क्षेत्र के शंकोसाई रोड नंबर 2 निवासी संदीप रजक 35 वर्ष ने पारिवारिक कलह के कारण बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह होमगार्ड का जवान था और 4 महीना पहले उसकी शादी हुई थी। पिछले एक सप्ताह से वह काफी तनाव में था। हालांकि घटना के बाद परिवार के लोगों ने उसे एमजीएम लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। पिता के बयान पर उलीडीह थाना में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है। पिता ने बताया कि उनका बेटा आजादनगर थाना में होमगार्ड जवान था, फिर उसकी तैनाती एमजीएम अस्पताल में की गयी थी। वह ड्यूटी भी नहीं ज्वाइन किया था, इससे पूर्व ही उसने फांसी लगा ली। फिलहाल गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## गम्हरिया अंचल के पूर्व सीओ गिरेंद्र टूटी निलंबित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया अंचल के पूर्व सीओ और वर्तमान में कोडरमा के सीओ गिरेंद्र टूटी को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इसे लेकर प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी की गई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से गिरेंद्र टूटी के खिलाफ 22 फरवरी 2024 के एक मामले में कार्रवाई की गई है। उस दिन विभागीय स्थापना समिति की बैठक की गई थी। उक्त बैठक में ही उनपर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। इसके बाद सीओ को निलंबित करने की अनुसंशा की गई थी।



## फिश टनल को देखने फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आमबगान मैदान, साकची फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बहुप्रतिक्षित 48 मीटर लम्बा और 11 मीटर गहरा वाटर फिश टनल का शुभारम्भ होते ही काफी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। दुबई स्थित एक मॉल के थीम पर आधारित यह फिश टनल भारत का अभी तक का फन वर्ल्ड में चलने वाला सबसे बड़ा फिश टनल है और इस कॉनसेप्ट को जमशेदपुर में पहली बार प्रदर्शित किया गया है। इसमें लगभग 400 प्रकार की काफी मंहगी मछलियाँ हैं जैसे फ्रेश वाटर डॉलफिन, इम्पोटेड ऑस्कर फिश, एलिगेटर गार फिश, वाइट ब्लैक शार्क, गोला फिश, किशिंग फिश, औरेंडा फिश, रैम्बो फिश, क्रोकोडाईल फिश सहित अनेकों प्रकार की रंग-बिरंगे मछलियाँ मंगायी गयी है। इसके अलावा फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये गए हैं उनमें सुपर ड्रैगन, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन आदि लगया गया है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान आदि उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 16 जून को करेंगे मानगो फ्लाइओवर निर्माण की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी आगामी 16 जून को मानगो फ्लाइओवर के काम शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कराएंगे। इस अवसर पर वे मानगो गांधी मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसको लेकर आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गुरुवार को गांधी मैदान पहुंच स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों से संबंधित जिले के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनन्य मित्तल के साथ एसडीएम पारुल सिंह, डीडीसी मनीष कुमार, मानगो सीओ, आइटीडीए प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर, पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय, मानगो अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा एवं डीएसपी भोला प्रसाद एवं कई अन्य आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विद्युत सब स्टेशन निर्माण कार्य को लेकर मजिस्ट्रेट समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा में विश्व बैंक की बहुउद्देशीय परियोजना के तहत बन रहे 132/33 केवी सब स्टेशन निर्माण कार्य के लिए दंडाधिकारी समेत भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। इसके लिए सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी ने गम्हरिया प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंचायन साहू को शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी 13 जून से आगामी 19 जून तक उक्त स्थल पर तैनात रहेंगे। बताया गया है कि दंडाधिकारी के साथ सब स्टेशन निर्माण स्थल पर कांड्रा थाना से दस महिला पुलिस समेत करीब 50 सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे। विदित है कि पूर्व में इस सब-स्टेशन का ग्रामीणों ने काफी विरोध भी किया था। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा तोड़फोड़ भी किया गया था।

## बकरीद को लेकर पटमदा थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बकरीद का त्योहार के मद्देनजर को गुरुवार को पटमदा थाना शांति समिति की बैठक बीडीओ पियुषा शालिना डोना मिंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि 17 जून को क्षेत्र में बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाएं। इंस्पेक्टर कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बकरीद के दौरान पुलिस गश्ती करते हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखेगी। थाना प्रभारी करमपाल भगत ने कहा कि हर त्योहार हमें शांति का संदेश देता है। उन्होंने लोगों को भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष प्रदीप बेसरा, ईशान चंद्र गोप, खादिम अंसारी, अजित महतो, शेख युनुस, मोहम्मद महमूद, शेख ऐनूल व मिलन दास आदि मौजूद थे।

*शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट*

## जेसीए ब्लू ने जेसीए रेड को 5 विकेट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहीद निर्मल महतो स्टेडियम में खेले जा रहे शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में आज जेसीए ब्लू ने जेसीए रेड को 5 विकेट से हराया दिया। जेसीए रेड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 14.5 ओवर में 58 रन पर ऑल आउट हो गई। जेसीए ब्लू ने यह लक्ष्य 12.1 ओवर में 5 विकेट पर 62 रन बनाकर 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। विराट ने 14 और दिव्यांश 17 रन बनाये। आरव सोनी 4 और अंशुमन रॉय 3 विकेट को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जेसीए के एडमिनिस्ट्रेटर देबब्रतो मुखर्जी (नाथु सर) ने दिया। कल के दो मैच के बाद सेमीफ़ाइनल खेलने वाली टीम का फैसला होगा।




## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार सीआरपीएफ जवान की मौत, दो जख्मी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर दुगनी कोल डीपी के पास बुधवार देर रात सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार सीआरपीएफ जवान हरेंद्र कुंकल (38) की मौत हो गई जबकि अन्य दो स्कूटी सवार जख्मी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सीआरपीएफ जवान जम्मू कश्मीर में पोस्टेड था।जमशेदपुर के सुंदर नगर में उसका पोस्टिंग हुआ था।पोस्टिंग के दौरान मिलने वाले 10 दिन की छुट्टी पर अपने घर मानगो के कुटकू डूंगरी आया था। बुधवार की रात करीब 11 बजे अपने घर से अपने दो दोस्त जीवन कुंकल (30) और मोरन सिंह पूर्ति (44) के साथ स्कूटी से चाईबासा के निमडीह अपने ससुराल जा रहा था। रात लगभग दो बजे कोल डीपी पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक मे स्कूटी फंस गया था जिसे जैक लगाकर निकाला गया। इन सबको सदर अस्पताल सरायकेला लाया गया। जहां सीआरपीएफ जवान को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दोनो जख्मियों को प्रारंभिक उपचार पश्चात बेहतर इलाज हेतु जमशेदपुर रेफर किया गया।



## कोल्हान विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्ट्रीम वाइज पढ़ाई के प्रस्ताव का एआईडीएसओ करेगा विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजने को लेकर एआईडीएसओ झारखंड प्रदेश ने विरोध किया है। सचिव सोहन महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पूरे देश भर में ही शिक्षा का हाल-बेहाल है, कोल्हान विश्वविद्यालय भी इससे अछूता नहीं है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए आते हैं, स्ट्रीम वाइज पढ़ाई से काफी छात्र पढ़ाई से दूर हो जाएंगे। शिक्षक की कमी का हवाला देकर उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव भेजा गया है। एआईडीएसओ इस निर्णय का विरोध करता है। उन्होंने कहा है कि विगत एक वर्ष से अधिक समय से कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति का पद रिक्त हैं। तो क्या विश्वविद्यालय को भी बंद कर देना चाहिए हमारा संगठन एआईडीएसओ यह मांग करता है कि विश्वविद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति की जाए और स्ट्रीम वाइज पढ़ाई के निर्णय को वापस लिया जाए। अन्यथा एआईडीएसओ छात्र समुदाय के साथ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।



## बोड़ाम के बारियादा में आयोजित रात्रि शॉर्ट पिच क्रिकेट का चैंपियन बना राम इलेवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम के बारियादा सालतल मैदान में बुधवार रात्रि को बारियादा क्रिकेट टीम के द्वारा आयोजित रात्रि शॉर्ट पिच क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन बोड़ाम प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य स्वपन कुमार महतो ने बल्लेबाजी और गांव के खगेन महतो ने गेंदबाजी करके किया। प्रतियोगिता में बोड़ाम और नीमडीह प्रखंड के 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बामनी क्रिकेट टीम और राम इलेवन, बोड़ाम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राम इलेवन ने 6 ओवर में 5 विकेट पर 52 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बामनी क्रिकेट टीम 6 ओवर में 2 विकेट पर 40 रन ही बना सकी। 12 रन से जीतकर राम इलेवन चैम्पियन बनी। विजेता राम इलेवन को 5000, द्वितीय बामनी क्रिकेट टीम को 4000, तृतीय चीकू इलेवन और चतुर्थ केंदडीह क्रिकेट टीम दोनों को 2500-2500 रुपए दिया गया। मौके पर सुधांशु महतो, अंबुज महतो, गुरुचरण कर्मकार, शिव शम्भू सहिस, अंकुर महतो के हाथों पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बारियादा क्रिकेट टीम के गोपेन महतो, तारापद महतो, नीलकमल महतो, मनबोध महतो आदि का अहम योगदान रहा।



## जेएसए लीग में जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने दलमा टाइगर्स पर 12-0 से जीत दर्ज की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक शानदार मुकाबले में जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन में 12-0 की जीत के साथ दलमा टाइगर्स के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया. निंग्टनौजम महेश सिंह ने दूसरे मिनट में गोल करके शुरुआत में ही लय बना दी. मैच के स्टार बिवन ज्योति लस्कर ने 20वें, 45वें, 49वें और 80वें मिनट में चार गोल करके अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया और टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया. भास्कर छेत्री ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 51वें, 72वें और 78वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई. चावंगथु लालहरियातपुइया ने 78वें मिनट में गोल करके स्कोर में इजाफा किया और असीम मैंगौ सिंह ने 80वें मिनट में गोल करके शानदार जीत दर्ज की।



## नतमस्तक होकर जमशेदपुर ने अपने अग्रवाल साहब को शिद्दत से किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लौहनगरी के हर इलाके. हर वर्ग व तबके के लोग बुधवार को पहुंचे थे बिष्टुपुर स्थित गुजराती सनातन समाज में अपने अग्रवाल साहब की बड़ी, मोहक व जीवंत सी तस्वीर के सामने नतमस्तक होते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए. पुष्प के लिए आदर के साथ कतारबद्ध लोग थे तो मौन लेकिन उनके चेहरों की भावभंगिमा बता रही थी कि उनमें से शायद ही किसी ने सोचा होगा कि उनकी जिंदगी में ऐसा पल आएगा. अपने अग्रवाल साहब की याद में श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करनी पड़ेगी.जमशेदरपुर समेत पूरे कोल्हान के लोगों को सुबह में अखबार पढने की आदत डालने का गौरव हासिल करनेवाले उदित वाणी के संस्थापक-संपादक राधे श्याम जी अग्रवाल (अग्रवाल साहब) के निधन पर बुधवार को बिष्टुपुर स्थित गुजराती सनातन समाज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इसमें जमशेदपुर के अलावा पूरे कोल्हान व झारखंड के अनेक इलाकों के लोग शामिल हुए. आम से लेकर खास लोग. हॉल खचाखच भर गया था. बड़ी संख्या में लोग खड़े रहकर कार्यक्रम का गवाह बने. आलम यह था कि दिन तीन बजे से शुरू हुए कार्यक्रम के समापन के बाद भी लोगों का आना जारी रहा. भजनों की मधुर वाणी के बीच श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम चला. हर किसी ने कतार में लगकर अग्रवाल साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस दौरान अग्रवाल साहब के परिवार के कुछ सदस्यों ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाए. बताते चलें कि अग्रवाल साहब का गत एक जून को अल्पबीमारी के बाद निधन हो गया था।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में 13 जून को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, अन्य संबंधित पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल, एक की स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बघमरी मोड़ बुध बाजार के समीप गुरुवार को एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग दुर्घटना में घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक दुर्घटना में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल सवार सदर थाना के लोवागड्डा गांव निवासी पच्चु रविदास के पुत्र विनोद दास, शीला देवी व दोस्त अनिल भुइयां हजारीबाग पेलावल से घर लौट रहा था। इसी क्रम में गिद्धौर थाना के बघमरी बुध बाजार के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ में जा टकराई। जिससे विनोद दास को गंभीर चोट आई है।जबकि शिला व अनिल को मामूली चोट लगी है।ग्रामीणो की मदद से तीनों घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। तीनों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल विनोद दास को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बीडीओ ने बिएलओ एवं बिएलओ सुपरवाइजर व वालंटियर के साथ की बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में बृहस्पतिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बीएलओ, पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। बैठक में मतदाता सूची की समीक्षा कीया गया। जबकि प्रखंड में शांतिपूर्ण लोक सभा चुनाव को ले मतदान संपन्न होने पर सभी कर्मियों के प्रति बिडीओ ने आभार प्रकट किया। साथ ही साथ लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। सभी बीएलओ को प्रपत्र 6,7 व 8 सहित अन्य प्रपत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। व दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में बेहतर सहयोग करने के साथ-साथ बेहतर कार्य करने वाले वॉलिंटियरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह, चितरंजन शर्मा, कांति देवी, उषा देवी, सुनैना देवी सहित कई अन्य सामिल थे।

## टंडवा में नो एंट्री को लेकर सख्त हुई जिला परिषद सदस्य



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिले से उत्पादित कोयला, चतरा जिले के टंडवा एवम् सिमारिया के सार्वजनिक सड़क से ट्रांसपोर्टिंग करने का मामला अब पुरी तरह गरम हो गया है। हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत एनटीपीसी की चट्टीबारियातू कोल माइंस का कोयला टंडवा की लाइफलाइन सड़क से अंधाधुंध ढुलाई पर रोक लगाने की मांग अब जोर पकड़ने लगा है।इस मामले में टंडवा उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्या देवंती देवी का बयान निकलकर सामने आया है।उन्होंने अपने बयान में कहा है कि, एनटीपीसी व सीसीएल केंद्र सरकार के अधीन है जिसके सांसद, स्थाई सदस्य होते है। बड़े सौभाग्य से चतरा वासियों को इस बार स्थानीय सांसद भी मिले हैं। सांसद महोदय आम लोगो के हित में टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क से कोयला ढुलाई पर पूर्णतः रोक लगवाएंगे। सिमरिया मुख्यालय की तरह टंडवा थाना क्षेत्र में भी नो इंट्री लगे। नवनिर्वाचित सांसद नो इंट्री लगाने की घोषणा पहले भी कर चुके है। साथ ही सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने भी अपने बयान मीडिया के माध्यम से दे चुके है। सांसद व विधायक से उम्मीद है की अपने घोषणा के अनुरूप व समाज के हित में ठोस निर्णय अवश्य ही लेंगे। और केरेडारी चट्टीबारियातू माइंस से उत्पादित कोयला ढुलाई बिल्कुल बंद किया जाएगा, ताकि आगे कोई निर्दोष को अपनी जान नही गवानी पड़े। जिसका हमलोग का भी समर्थन है। साथ ही जीप सदस्या ने कहा कि अगर इस पर अभिलंब जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं किया गया, तो हम सभी जन प्रतिनिधि बाध्य होकर टंडवा सिमरिया मुख्य मार्ग को बंद कर देंगे।

## पुल के घटिया निर्माण कार्य पर भड़के ग्रामीण, बंद कराया काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह के गढ़वा टॉड से संत कलारेट लेदगई हुए बरवाडीह -छिपादोहर मुख्य सड़क तक पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क सुदृढीकरण और पुल पुलिया निर्माण मे भारी अनियमिता को देखते हुए मुरु गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मुरु मे पुल निर्माण कार्य को बंद कराया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें पुल निर्माण कार्य में लोकल छड़ लगाया जा रहा है इस पर ग्रामीणों ने संवेदक के प्रति आक्रोश दिखाते हुए पुल पर उक्त छड़ बदलने की मांग कर ब्रांड कम्पनी की छड़ लगाने की बात करते हुए कार्य को बंद कराया। ग्रामीणों मे भाजपा नेता दिलीप पासवान, मनोज सिंह, रामरती सिंह राजेश सिंह, नरेश सिंह, सुरेश राम समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मृतक के पिता साकिब ने पुत्र को तलाब में डूबा कर जान मारने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के दूंदुआ बगरा के केशो बहिया तलाब में बीते बुधवार को लगभग 11 बजे डूबने से मौत हो गई थी। मामले को लेकर मृतक पुत्र समीउल्लाह के पिता मो साकिब ने सिमरिया थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। लिखित आवेदन में कहा है कि बीते बुधवार को समय 10:09 बजे सुबह मो अफसर पिता मो नेशार आलम ग्राम इचाक कला, थाना सिमरिया ने मेरा पुत्र मृतक समीउल्लाह उम्र 18 वर्ष को फोन कर अपने पास इचाक कला बुलाया था। शाम 3:46 बजे लगभग मेरे मोबाइल पर मो अफसर के पिता मो नेशार आलम ने फोन कर कहा कि तेरा पुत्र समीउल्लाह केशव भाई तलाब जो दूंदुआ में पड़ता है वहां डूब गया है। इसकी सूचना आसपास के साथियों एवं परिजनों को देते हुए हम सभी मो अफसर के पिता मो नेशार आलम के घर इचाक कला पहुंचे। जहा हम सभी ने पूछा कि मेरा पुत्र को केशव तलाब में डूबने की सूचना किसने दिया है और कैसे आपको जानकारी मिली है। हम लोगों को बातो को अनसुना एवं टालमटोल करते हुए कहा कि कौन कहा कि नहीं कहा उससे तुमलोगो को क्या मतलब है। जिस तलाब में तेरा पुत्र डुबा हुआ है चलो उस तलाब में ले चलते हैं। हम लोग सभी मो नेशार के साथ चलते हुए उक्त बगरा दूंदुआ के समीप केशव तलाब पर पहुंचे। तलाब पर पहुंच कर घटना की जानकारी सिमरिया थाना प्रभारी को दिया। वहीं आसपास के गोताखोरो को भी दिया । खोजबीन के बाद जब शव नहीं मिली तो सिमरिया के हीं मछुवारों को बुलाया गया। जहां मछुवारों ने महाजाल लगाया तो शव जाल में फंस गया और पुलिस की मौजूदगी में शव को बाहर निकला गया। जहां मृतक मेरा पुत्र समीउल्लाह के मुंह से खून निकल रहा। खून निकलता देख मुझे शक हुआ कि मो नेशार के पुत्र मो अफसर और उनके सहयोगियों ने हीं मेरा पुत्र को तलाब में डूबा कर जान मार दिया है। मो अफसर और उनके सहयोगियों के विरुद्ध जांचो उपरांत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किया जाय। आपको बता दें कि मृतक समीउल्लाह का घर सिमरिया चौक के करीब है वहीं घटना स्थल केशव तलाब दूंदुआ लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जबकि सिमरिया

## पेड़ से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय निवासी सत्यम कुमार 7 वर्ष पिता तुलसी भुइयां पेड़ से गिरकर घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सत्यम आम के पेड़ में चढ़कर आम तोड़ रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण पेड़ से नीचे गिर गया। जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा बच्चों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## शिवानी गांव में छठ घाट किनारे किया गया पौधारोपण



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी में बच्चों के द्वारा सिंघानी चौक के छठ घाट के रोड किनारे पौधारोपण किया गया। वही बच्चों का हौसला अफजाई करने के लिए पत्थलगड़ा जिप सदस्य राम सेवक दांगी उर्फ भगत जी, पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी, सिंघानी पंचायतके मुखिया राधिका देवी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया द्य वही वृक्षारोपण के समय बच्चों में भी काफ़ी उत्सुक दिखे द्य वही बच्चों ने कहा कि छठ घाट के रोड के किनारे काफी कचरा जमा हो जाता था जिससे बीमारी होने का डर बना रहता था द्य इसलिए छठ घाट को साफ सफाई कर पौधारोपण करने से पर्यावरण शुद्ध होगा द्य मौके पर बच्चों ने शपथ लिया कि प्रत्येक दिन पौधों को देखरेख करेंगे एवं दूसरों को भी जागरूक करेंगे ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध बना रहे वहीं बच्चों का उत्साह देखकर ग्रामीण भी उत्सुक दिखे वही पत्थलगड़ा जिप सदस्य राम सेवक दांगी उर्फ भगत जी ने कहा कि बच्चों का उत्साह देखकर दूसरों को भी जागरूक होने की जरूरत है ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध बना रहे एवं बीमारी से बचा जा सके पौधारोपण कर तैयार पेड़ पौधों से कई तरह के फायदे लिए जा सकते हैं लोगों को प्रत्येक घर के आसपास एक-एक पौधा लगाना चाहिए द्य मौके पर सुमित कुमार राणा, उज्जवल सिन्हा, दीब्येश कुमार राणा, निक्कू सिन्हा, सुमित कुमार, अंकित कुमार आदि बच्चे मुख्य रूप से शामिल थे बच्चों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद दिखे।

## पंचायत सहायकों को मिली विकास कार्यों में बड़ी जवाबदेही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज एवं प्रखंड समन्वयक पंचायती राज पदाधिकारी मंजीत सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सहायकों के साथ समीक्षा बैठक हुई जिसमें बीडीओ द्वारा बताया गया कि झारखंड सरकार के ज्ञापन 01 स्थापना 18/2016 - 742 रांची दिनांक 15/03/2024 के द्वारा सभी स्वयं सेवक का नया नाम पंचायत सहायक किया गया है। उन्होंने मौजूद कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत के विकास कार्यों में पंचायत सचिव के साथ मिलकर पंचायत में चल रहे सभी योजनाएं जैसे आवास योजना, 15 वें वित्त, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायत सचिव को सहायता प्रदान करेंगे और पंचायत के विकास में गति देंगे। बीडीओ ने निर्देशित किया है कि सभी पंचायत सहायक अपने अपने पंचायत सचिवालयों में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न दो बजे तक उपस्थित रहकर उपर्युक्त कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

# बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बकरिद का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह बीडीओ नंदकुमार राम ने किया। बैठक मे शांति समिति के सदस्य प्रखण्ड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व गणमान्य लोग शामिल हुए. बैठक की शुरूआत मे थाना प्रभारी राजा दिलावार ने उपस्थित लोगों व क्षेत्र वासियों को शान्तिपुर्ण मतदान के लिए अभार जताया। लोगों से बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल मे मनाने की अपील की, वही क्षेत्र मे बढते क्राईम व अफिम की खेती से होने वाले नुकसान के प्रति जन-जागरूकता लाने के संबंध में बात रखी। वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ सह सीओ राम ने क्षेत्र मे बकरीद त्योहार मनाने के संबंध में जानकारी ली। कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होने प्रतिबंध मांस का प्रयोग ना करने का अपील की। साथ ही किसी भी तरह के अफवाह पर सचेत रहने को कहा, असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रखी जाएगी। ऐसे मे कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की प्रशासन तत्वरित कारवाई करेगी . जन प्रतिनीधियों व गणमान्य लोगों ने भी बकरीद त्योहार को शान्तिपुर्ण ढंग से मनाने को लेकर महत्वपूर्ण बातें रखी। मौके पर विससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु जिप सदस्य रमेश राम, रा.सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, पं समिति सदस्य मो.ओजेफा, फुलचंद गंझू, मो.क्युम थाना के पदाधिकारी निर्मल मंडल, जितेंद्र कुमार, बालेश्वर गंझू, राजकिशोर प्रसाद, मिथलेश सिंह, संतोष पाठक, द्वारिका नाथ पांडे, रितेश तिग्गा, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित

## गरीबों के चेहरे पर खुशियां देखकर मिलती है अप्रत्याशित खुशी : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड,चतरा :** आपने सुना होगा किसी वृद्ध महिला व पुरुष की उम्र साठ साल पार कर गया और उसे पेंशन की सख्त जरूरत है। और जब उस महिला व पुरुष की पेंशन करने की बारी आती है तो न जाने फिर कितने ड्रामेबाजी देखने को मिलता है। प्रखंड कार्यालय में दिनभर पान और गुटके चबाते हुए आपको बिचौलिए मिल जाएंगे। लेकिन जबसे मयूरहंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार मनीष कुमार ने संभाला है उसके बाद से प्रखंड कार्यालय के इर्द-गिर्द कोई भी बिचौलिया नहीं नजर आता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने साफ तौर पर कहा है कि बिचौलियागिरी को जड़ से समाप्त करना मेरा पहला काम है ताकि प्रखंड कार्यालय में जो भी जरूरतमंद व्यक्ति आए उनका काम एक दिन में हो और बिलकुल आसानी से हो जाए। आज इसी का नतीजा है कि अबुआ आवास, पीएम आवास, जाति, आवासीय, आय, जन्म मृत्यु समेत अन्य प्रमाण पत्र के साथ-साथ अब प्रखंड भर के जरूरतमंद वृद्धजनों का पेंशन एक दिन में स्वीकृत हो रहा है।प्रखंड कार्यालय में काम करनेवाले विभागीय कर्मियों की इससे पहले जो अकड़ थी अब वह बिल्कुल टूट चुका है।यहां पर बाबुओं से मामूली सत्यापन कराना ढाई महीना पहले टेढ़ा लकीर खींचने के समान था लेकिन हालात आज बदला है और हर काम गरीबों का आसानी से हो रहा है।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र से कहा गरीब परिवारों और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए जब भी मैं कुछ काम करता हूं और उनका काम जब पूरा हो जाता है तो मुझे काफी खुशी मिलती है।जब उनके चेहरे पर खुशियों को देखता हूं तो हमारी खुशियां कई गुना बढ़ जाता है।ऐसा ही नजारा गुरुवार को देखने को मिला 1 घंटे में आठ जरूरतमंदों का वृद्धावस्था पेंशन हाथों हाथ स्वीकृत किया गया जिनका नाम इस प्रकार है।रुक्मिणी देवी पति सारु यादव, मेवा देवी पति केसर यादव, शांति देवी पति कमलदेव यादव, सुदामा देवी पति कैलाश यादव, सबिया देवी पति रितलाल यादव, बारीफन खातून शौहर सलामत मियां, बारीफन खातुन शौहर इस्लाम मियां, अमना खातून शौहर लियाकत मियां, का नाम शामिल है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह तो शुरुआत है देखते जाइए आगे-आगे कितना काम होता है।मैं जब तक यहां रहूंगा। किसी भी प्रखंड वासी की समस्या चाहे जैसी भी हो उसे दूर करने का हर संभव प्रयास करता रहूंगा ताकि उन्हें आनेवाले कल में किसी भी तरह का कष्ट ना हो एक अन्य सवाल के जवाब में इन्होंने कहा कि हम ऑफिसर हैं।मेरे और मेरे विभागीय कर्मियों के ऊपर प्रखंड वासियों की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और वह अपने काम को लेकर जब यहां आते हैं और उन्हें परेशानी होगी तो हमारी बदनामी होगी जिसे हम सहन नहीं कर सकते हैं और मेरा तो काम ही है लोगों का काम करना।मतलब साफ है प्रखंडवासी जब अपना कोई भी काम कराने के लिए प्रखंड कार्यालय आएंगे तो उन्हें चप्पल और जूते घिसने नहीं पड़ेंगे और बाबुओं की ठसक से निजात मिल सकेगा।

## छात्र नेता नागमणि ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : नागमणि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आज की भाग दौड़ कि जिंदगी में जहां एक ओर युवा वर्ग अपना कैरियर बनाने में लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे युवा भी हैं जो कैरियर बनाने के साथ समाज के प्रति भी अपना दायित्व बेखुबी निभा रहे हैं।उन्हीं में से एक हैं लातेहार के छात्र नेता नागमणि कुमार जो अपने कार्य करने के साथ साथ समाज के लिए भी कुछ करते रहते हैं। उनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।आगे आकर अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए ऐसा इसलिए कहा जा रहा है।जहां लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती सेरनदाग, हेरहंज की रहने वाली लीलावती देवी को डॉक्टरों द्वारा तत्काल रक्त चढ़ाने की बात कही, जिसके बाद उनके परिजन चिंतित हो गये।जैसे ही इसकी जानकारी नागमणि को मिली तो उन्होंने एक बार फिर आगे बढ़कर महिला के लिए रक्तदान करने की बात कही। उन्होंने रक्तदान कर महिला का जीवन बचाने का अतुलनीय कार्य किया। इससे पहले भी नागमणि ने 16 से अधिक बार रक्तदान किया है।रक्तदान करने के बाद युवा नेता नागमणि ने कहा कि रक्त हमें एक दूसरे से मिलाता है। मेरा तात्पर्य यह है कि जब आप किसी अंजान व्यक्ति को अपना रक्त दान करते हैं तो वह आपके प्रति एक अलग ही नजरिया रखता है और हमेशा आपका सम्मान करता है। इसलिए लातेहार के युवाओं को भी आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए, आपके रक्तदान से किसी की जान बच सकती है। अपने लिए तो सभी लोग जीते है, पर दूसरों के लिए जीना एक बड़ी बात है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नही, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है।

# श्री राम विवाह की कथा सुन धन्य हुए श्रद्धालु, झांकी के माध्यम से दिखाया गया विवाह

## कर्ज लेकर अपने बच्चों की शादी न करें : ज्योति शास्त्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव महायज्ञ हो रहा है। इस अवसर पर रात्रि 7 बजे से लेकर 11 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम भी की जा रही है। प्रवचन कार्यक्रम राष्ट्रीय कथा वाचिका श्री ज्योति शास्त्री अयोध्या धाम और आचार्य श्री छोटे सरकार जी महराज देवघर बाबाधाम के द्वारा की जा रहीं है। प्रवचन के तीसरे दिन बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, साहू समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने प्रवचन मंच का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की सनातन संस्कृति को जानना आज के समय में बहुत ही जरूरी हो गया है, और यह प्रवचन से ही मिल सकता है। वही अमित साहू ने कहा की प्रवचन के माध्यम से लोगों में संस्कार आती है। वही कथा वाचिका ज्योति शास्त्री जी ने श्री राम कथा के दौरान भगवान श्री राम का विवाह उत्सव मनाया गया। जैसे ही साध्वी ज्योति शास्त्री जी ने प्रभु राम के विवाह का प्रसंग सुनाया चारो तरफ आओ सखियों मिल गाओ बधाई राम की बारात जनकपुर आई, आओ सखी गावो बधाई राम का विवाह आओ रे.., से मंदिर प्रांगण गूंजने



लगा। श्री रामायण कथा में प्रभु राम व शिव की महिमा का वर्णन करते साध्वी ने कहा कि राम जी का विवाह सम्पन्नता का प्रतीक है और शिव भगवान का विवाह सादगी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दोनों विवाह हमें संदेश देते हैं कि अगर आप सम्पन्न है तो राम की तरह विवाह धूमधाम से करें। नहीं तो शिव की तरह सादगी से करें। समाज की रीति रिवाजों को दूर कर सामाजिक प्रथा की शर्म न करते हुए, कर्ज लेकर अपने बच्चों की शादी न करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ट समाजसेवी रामनारायण साहू, बासुदेव साहू, ग्राम अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, पूजा समिति की अध्यक्ष विकास साहू, रामप्रसाद साहू, भिखारी साहू, अर्जुन साहू, कैलाश साहू, रामावतार साहू, विशेश्वर साहू, बुधन साहू, रामखेलावन साहू, सुखदेव साहू, शिक्षक बीरेंद्र साहू, बिरजू साहू, मिथलेश साहू, इंद्रदेव साहू, श्यामदेव साहू, पुरनदेव साहू, सत्येंद्र कुमार, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, रोहित साहू, डेगलाल साहू, उपेंद्र साहू, चौरगी कुमार, विजय साहू, बीरबल साहू, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार, शशि कुमार, नौरंगी कुमार, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, सोनु कुमार, मंटू कुमार समेत समस्त ग्रामीण लगे हुवे है।

# विधायक अंबा प्रसाद दिल्ली में लोकतांत्रिक परिपेक्ष पर करेंगी कॉन्फ्रेंस

## नेशनल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में विधायक अंबा प्रसाद को स्पीकर के तौर पर चुना गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव/रामगढ़ :** विधायक अंबा प्रसाद को इंडियन स्कूल आफ डेमोक्रेसी उत्कृष्ट भारत के तत्वाधान में नेशनल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर स्पीकर शामिल होने का न्योता दिया गया है। 14 जून को विधायक अंबा प्रसाद लोकतांत्रिक परिपेक्ष पर उक्त कॉन्फ्रेंस में बतौर स्पीकर संबोधित करेंगी। नेशनल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद दिल्ली पहुंच गई है जहां दिन शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस किया जाएगा। उक्त कॉन्फ्रेंस में देश के कोने कोने से अलग अलग



पार्टियों के गिने चुने विधायक, सांसद, मंत्री, युवा नेता भी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली के कॉन्फ्रेंस रूम में होना है जहां जमीनी स्तर पर लोकतंत्र आगे की आकांक्षाएं और चुनौतीयां विषय पर आयोजित राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में वक्ता के रूप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस सम्मेलन में चुनावों से परे प्रतिनिधित्व संगठनात्मक राजनीति में हाशिए पर पड़े सामाजिक समूहों के लिए स्थान विषय पर विधायक अंबा प्रसाद अपने विचारों को रखेंगी।

# हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शुरू किया आभार यात्रा, पहले दिन पहुंचे बड़कागांव प्रखंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने प्रचंड जीत मिलने के तुरंत बाद क्षेत्र में सक्रिय नजर आए, वे सीधे तौर पर जनता जनार्दन से मिलकर अपने जीत पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, मतदाताओं, समर्थकों एवं एनडीए गठबंधन के लोगों का आभार प्रकट कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार देर शाम को बड़कागांव दोनों मंडल के कई गांव में लोगों से मिलकर उनका आभार प्रकट किया एवं कहा की अपने बूथ, पंचायत एवं प्रखंड से प्रचंड बहुमत से जिताया है, इसके लिए आप तमाम लोगों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। सेवा व विकास का पिछले 10 वर्षों में जो काम हुआ है, वह निरंतर जारी रहेगा। आप लोगों को आभार यात्रा के तहत यह बताने आया हूं कि आपका यह भाई, आपका बेटा आपकी हर छोटा से बड़ा काम के लिए आपके बीच तत्पर रहेगा। सांसद मनीष जायसवाल बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव मुख्य चौक, गुरूचट्टी, सांढ, बिश्रामपुर, हरली, बादम, सोनपुरा इत्यादि क्षेत्रों का सघन दौरा किया जहां पर चुनाव जीतने के हफ्ते भर के अंदर सांसद को अपने बीच पाकर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को



मिल रहा था। लोगों ने सांसद को आरती उतार कर एवं फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर विशेषरूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, बालेश्वर कुमार, कृष्णा राम, मूलचंद साहू, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू, पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, श्रीकांत निराला, मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, दिनेश कुमार किशोर राणा, सुमन गिरी, त्रिवेणी महतो, राजेश गुप्ता, राजू साव, बैजनाथ तिवारी, पारसनाथ प्रसाद, भवानी दांगी, रंजीत मेहता, भीखन महतो, बासमती कुमारी, इंद्र भूषण, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अशोक महतो, भुपाल स्वर्णकार, पोखन राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धर्मपुर में रोजगार दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के धर्मपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में 13 जून गुरुवार को रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत बैठक किया गया । बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया कांति देवी और संचालन पंचायत सचिव संजय कुमार ने किया। वही रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीणों से सरकार के आदेशानुसार नियमावली को बताते हुए कहा की आज की संगोष्ठी मुख्य रूप से अबूवा आवास तथा बिरसा सिंचाई कुप, आबुवा आवास वर्ष 2024- 2025 के तहत लाभुको का आम बागवानी के लिए चयन किया जाना है। जो योग्य लाभुक है वे स्वेक्षापूर्वक योजनाओ का नाम सूची में चयन कर दे। मौके पर कुंती देवी,लोकनाथ गोप,बिना देवी, रंजीता देवी, तिलकी देवी ,हेवंती देवी,रिंकी देवी ,पिंकी देवी, चेतलाल महतो ,अनिल प्रसाद, भवानी कुमार,हेमंती देवी, आसमा खातून , काजल कुमारी ,महेंद्र तुरी , शंकर रविदास,विक्की मोदी ,रंजित प्रसाद , प्रकाश प्रजापति ,सिकेंद्र साव , तौफीक आलम, ओम प्रकाश साव समेत अन्य कई महिलाएं पुरुष शामिल थे।

# भीषण गर्मी से बेहाल जंगली जानवर, ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की तलाश में पहुंचे लंगूर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जंगलों में जानवर बेहाल हैं। वे भूख-प्यास से बेहाल होकर जानवर गांव-कस्बों की ओर रुख कर चुके हैं। जंगलों में पानी और खाने के अभाव से जानवर परेशान हो रहे हैं। पानी की तलाश में कई बंदर- सियार जैसे वन्य जीव ग्रामीण क्षेत्रों में आ चुके हैं। बुधवार को प्रखंड के ग्राम बादम के आबादी वाले क्षेत्र में बंदर प्रजाति के दो लंगूर पानी की तलाश में पहुंच गए। लंगूर को देखने के लिए बच्चों की भीड़ लग गई। भीड़ को देख कर लंगूर आक्रोशित हो कर हिंसक भी नजर आए। वन विभाग के द्वारा भी जंगली जीव जंतु के पानी की कोई व्यवस्था नहीं को जा रही है। क्षेत्र के जंगलों में जंगली जानवरों को बचाने के लिए वन विभाग को पहल करनी चाहिए और जहां पानी श्रोत है वहां पर गड्ढे खुदवाना चाहिए ताकि जंगली जानवरों को कोई परेशानी न हो। साथ ही लोगों को चाहिए के जंगली जानवर अगर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे तो उनके लिए खाने और पानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही जंगली जानवरों के साथ किसी तरह का छेड़ छाड़ न करें।

## बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने सांसद को पानी की समस्या से कराया अवगत

**बरही :** गुरुवार को बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने सांसद मनीष जयसवाल से भेट कर जीत की शुभकामनाएं दी। मौके पर सिंघरावा के पूर्व मुखिया सुरेश साव, विकास गुप्ता, डेबो के मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव आदि उपस्थित थे। मौके पर अमित साहू ने सांसद को पानी की समस्या से अवगत कराया। कहा की बरहीवासी पिछले 10 सालों से पानी की समस्या से जूझ रहें है, लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टैंकर से पानी की पूर्ति की जा रही। इस पर सांसद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुवे कहा की तीन दिन के अंदर में बरही पहुंचकर पानी की समस्या से अवगत होने के उपरांत आगे बात करूंगा। जहा भी दिक्कत होंगा, उसे दूर करने का प्रयास करूंगा। जल्द से जल्द समस्या का हल निकाल लिया जायेगा।

## डोभा में डूबकर 7 साल की बच्ची की मौत

**सीएचसी में डॉक्टर नही रहने पर हुई बच्ची की मौत - गौतम**

**इचाक ।** थाना के बड़की जलौंध निवासी जितेन्द्र भुईया के बेटी सीतल कुमारी उम्र 6 ,एक डोभा में डूबने से बच्ची मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया की सुबह 7 बजे के करीब सीतल कुमारी शौचालय के लिए दोस्तो साथ खेत गई थी। पानी के लिए डोभा की ओर गई। डोभा भी गहरा था। बच्ची पानी के नजदीक जा पाती लेकिन फिसलकर उसी गहराई वाली डोभा में जा गिरी। इस घटना को देख उस बच्ची की दोस्त घर में बताया और घरवाले जाकर बच्ची को निकालते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इचाक ले गया लेकिन हॉस्पिटल में डॉक्टर की अनुपस्थिति में कंपाउंडर स्थिति देखते हुऐ सदर अस्पताल हजारीबाग जाने को कहा। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में बच्ची रास्ते में ही दम तोड दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा के लिए बंद करने की मांग किया क्यूंकि इस अस्पताल में समय पर कोइ भी डॉक्टर उपलब्ध नही रहते और कई लोगो की जान गंवानी पड़ती है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक जाकर दर्जनों महिला ने रोष भी जताया।

**क्या कहते हैं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश**

डॉक्टर ओमप्रकाश से इस मामले में पूछे जाने पर बताया की बच्ची को डोभा में डूबने की वजह से गांव में ही मौत हो गई थीं। और जब सीएचसी इचाक ले आया गया तब हमारे अस्पताल के कंपाउडर ने देखा भी और स्थिति को देखते सदर भेज दिया। सीएचसी में डॉक्टर नही रहने की वजह पूछी गई तो , डॉक्टर ओमप्रकाश ने कहा की इस अस्पताल में डॉक्टर की कमी है और कोई भी डॉक्टर इचाक आना नही चाहता है। इसलिए हमेशा डॉक्टर नही रहता।

**बच्ची की मौत मुवाबजे को लेकर क्या कहते हैं अंचल अधिकारी?**

इचाक अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से पूछे जाने पर बताया की आपदा के अंतर्गत सरकार द्वारा 4 लाख रुपए देने की प्रावधान है लेकिन इसके लिए बच्ची की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र , आधार और बैंक पासबुक आदी डॉकोमेंट की जरुरत होती है।उपरोक्त डॉकोमेंट्स रहने पर अंचल द्वारा सत्यापित करते हुऐ जिला भेजने पर सेंशन कर मुवाबजे दिलाए जाते हैं।

**क्या कहते हैं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि?**

पंसस प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने बताया की यह बहुत गम्भीर मामला है की अस्पताल में डॉक्टर नही रहते और कई लोगो को जान गंवानी पड़ती है। साथ ही साथ मुवाबजे को लेकर बताया की बच्ची के परिजन द्वारा पोस्टमार्टम करवाने की आदेश दे दिया जाता तो आपदा के मुताबिक 4 लाख रुपए गरीब परिवार को सहायता के रूप में मिल जाता।

## फंदे से झूल महिला ने की आत्महत्या

**हजारीबाग।** पेलावल ओपी क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर गली 16 में रहने वाली अनिशा देवी ( 35 ) ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह की है। बताया जाता है कि अनिशा अपने बाल बच्चों के साथ यहां किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करती थी। अनिशा के पति विदेशी भुइयां ने बताया कि उसका पैतृक गांव चतरा जिला के टंडवा के सराढु है।

# पांच दिवसीय ओपन समर कैंप ताइक्कांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** गर्मी की छुट्टी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होती है, इसी कार्यक्रम के बीच संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया है, इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है, इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत रूप से किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए, हजारीबाग ताइक्कांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिसके बाद प्रतियोगिता विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले में निवास करने वाले राष्ट्रीय स्तर की ताइक्कांडो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह भविष्य में और भी बेहतर कर सकें। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि आत्म रक्षा की सबसे अच्छी पद्धति ताइक्कांडो में क्षेत्रीय बच्चों की प्रतिभा लगातार निखरती जा रही है। इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बच्चों संग हो रहे तमाम तरह की आपराधिक वारदातों से निपटने में स्वयं इन्हें निपुण किया जा सके। इस तरह से समर कैंप के आयोजन व अभ्यास से हजारीबाग के बच्चों व युवाओं में खेल के प्रति रूची और बढ़ेगी। ताइक्कांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। इस कैंप को सफल बनाने में हजारीबाग ताइक्कांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का बहुत बड़ा योगदान है।

# कटकमसांडी पहुंचे हर्ष अजमेरा, आदिवासी समुदाय के लोगों से की मुलाकात



● इस लड़ाई को तब तक जारी रखूंगा जब तक आदिवासी समुदाय के भाई, बहनों को उनका अधिकार नहीं मिलता : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा के प्रखंड कटकमसांडी क्षेत्र स्थित बाझा पंचायत अंतर्गत उरीदीरी के गरदुवा में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है। वह रहा रहे लोग उस जमीन पर सालों से रहते और खेती करते आ रहे है उन्हें उनके जमीनों से किनारे किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा उन्हें यह कहते हुए हटाया जा रहा है कि उक्त भूमि पर पेड़ लगाए जाएंगे। यह सुनकर आश्चर्य होता की जो प्रकृति और जल- जंगल-जमीन की रक्षा करते है, उन्हें ही उनसे दूर करके प्रकृति बचाने की बात वन विभाग कर रहे हैं। विभाग की मनमानी नहीं चलने दी जायेगी। मौके पर पहुंचकर अपने आदिवासी समुदाय के भाई,बहनों से मिला और पूरे मामले की जानकारी ली। झारखंड सरकार के वनाधिकार कानून के तहत वन भूमि में खेती करने वाले या रहने वाले लोगों को पट्टा देने का प्रावधान है। बावजूद इसके वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। ÷सेवा सहयोग समिति इस लड़ाई को तब तक जारी रखेगा जब तक आदिवासी समुदाय के भाई/बहनों को उनका अधिकार नहीं मिलता।

# अनुकरणीय है हर्ष अजमेरा का सेवा भाव : सुनील पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा की निःस्वार्थ जनसेवा की भावना का हीं आकर्षण है की जरूरतमंद उनके पास खींचे चले आते हैं। भारी गर्मी के कारण सुल्ताना पंचायत अंतर्गत मेयातु व सुल्ताना में पेय जल की समस्या को समाजसेवी सुनील कुमार पाण्डेय ने हजारीबाग के चर्चित युवा चेहरा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के पास लेकर पहुंचे थें। हर्ष अजमेरा के द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लिया गया और पंचायत में खराब चापानल बनाने के लिए तुरंत मिस्त्री कि टीम को भेजा गया।बता दें कि श्री अजमेरा के माध्यम से अभी तक प्रखण्ड में 40 से अधिक चापानल की मरम्मत की गई है।वहीं सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि कटकमदाग क्षेत्र में श्री अजमेरा का कार्य सराहनीय है ऐसे हीं समाजसेवी की जरूरत आज हमे है।

# खण्डेलवाल वैश्य पंचायत ने दी नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय परिसर में गुरुवार को खंडेलवाल वैश्य पंचायत एवं खण्डेलवाल युवा संघ ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की, इस दौरान सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही सामाजिक हित को लेकर विस्तार पूर्वक वार्तालाप किया गया। श्री जायसवाल ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कई विषयों पर चर्चा किया। मौके पर अध्यक्ष राहुल वैध ने समस्त सदस्यों की ओर से बधाई देते हुए कहा की आप पूरे हजारीबाग का नाम अपने कार्यो से रौशन करें। आपके कार्य की प्रशंसा हजारीबाग से बाहर भी लोग करते हैं हमें पूरा



विश्वास है कि आप अपने कार्यो से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ लोकसभा क्षेत्र की गिनती में लायेगे। सचिव पवन रावत खण्डेलवाल ने कहा कि आप जैसे निस्वार्थ सेवा रखने वाले सज्जन सांसद बने है,यह हमारे लिए गर्व का विषय है, आपने जिस तरह कोरोना काल में नर सेवा नारायण सेवा के भाव से जनता की सेवा की है वह अतुलनीय है। आपकी जीत के साथ पूरा हजारीबाग जीत गया है। आप निश्चित रूप से हजारीबाग के विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। वही खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से नवनिर्वाचित सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा साथी हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं युवाओं का हौसला आपके आने से काफी बढ़ गया है अब निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में युवाओं के लिए कई कार्य किए जाएंगे ऐसी हम अपेक्षा रखते हैं। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने खंडेलवाल वैश्य पंचायत एवं खंडेलवाल युवा संघ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मैं निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की एक नई गाथा लिखूंगा। मौके पर खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक नरेश वैध, अध्यक्ष राहुल वैध,सचिव पवन रावत खंडेलवाल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष सी ए अमित खंडेलवाल, सचिव दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू, सह सचिव सिद्धार्थ खंडेलवाल, प्रवीण ढोकरिया, अशोक तांभी, सुनील ढोकरिय,लोकेंद्र खंडेलवाल, नीरज नाटाणी,रितेश खण्डेलवाल, राम खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, मेहुल खण्डेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दिया।

# पंडित कोलेश्वर पाण्डेय के त्रयोदशा श्राद्ध में शामिल हुए गणमान्य लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** अंतर्गत अमनारी निवासी राजेंद्र पाण्डेय के पिता पंडित कोलेश्वर पाण्डेय के त्योंदशा श्राद्ध लोकीत भयारी में शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रृद्धांजलि देकर उनकी आत्मा को शांति सदगति हेतु एक मिनट का मौन रखा । इसके बाद अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीवन मरण ईश्वर का कार्य है । इससे कोई नहीं बच सका है, लेकिन जीवन के हर दुख सुख में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्रह्मण महासमिति के सदस्य एकता से हमेशा आप के साथ खड़ा है और आगे भी रहेगा । सभी ने दुःखित परिवार को सांत्वना व हिम्मत दिए । इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा, महामंत्री सुरेश पाण्डेय ,सचेतक मनोज पांडेय, धनबाद संयोजक उमेश पांडेय बहिमार , मुख्य प्रवक्ता मदन तिवारी सिरका एवं अमनारी के ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# भाजपा नेता श्रद्धानंद ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा, समस्याओं को जाना, दिया समाधान का आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधानसभा पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, ग्रामीण भ्रमण के दौरान कुरडेग प्रखंड , खिंडा पंचायत के कुसियार पानी गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए! ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत 8 सालों से विद्युतीकरण का काम चल रहा है, परन्तु किसी के घरों में कनेक्शन नहीं किया गया। चुनाव के पुर्व विद्युत कनेक्शन किया गया था परन्तु चुनाव खत्म होने के पश्चात काट दिया गया। जिसके कारण हम सभी ग्राम वासी अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। अब निराश हो गए वे सोलर पैनल उर्जा संयंत्र लगाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जल समस्या के संबंध में बताया कि हमारे गांव में दो जलमिनार बनाए गये है, परन्तु चापाकल में पर्याप्त मात्रा पानी नहीं रहने के कारण पेयजल की समस्या गांव में है। श्री बेसरा ने ग्रामीणों की समस्यायों को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा से बातचीत किया, कार्यपालक महोदय ने जानकारी दिया कि कनेक्शन के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, मीटर खरीद कर विभाग में जमा करवाएं, फिर कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के अधार पर रूपए जमा करें। सरकार के द्वारा ऐसा योजना अभी नहीं दिया जा रहा है। श्री बेसरा ने कहा कि गांव लोग गरीब है, सभी खेती पर निर्भर रहते हैं, ये लोग एफोर्ड नहीं कर सकते हैं। श्री बेसरा ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जेई से बातचीत कर पेयजल संबंधित समस्या को जल्द समाधान करने का आग्रह किए। मौके पर कुरडेग उप प्रमुख अजय जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास, देवनारायण माझी जमनाथ मांझी हीरालाल मांझी विश्वनाथ मांझी जगदीश मांझी राधा मांझी महेश प्रधान बलकेश्वरमांझी मोहन मांझी धीरन मांझी उप मुखिया हरिशंकर मांझी इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में कृषक मित्र की हुई मौत, एक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के नौडीहा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में कृषक मित्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के कुंदो गांव निवासी रामेश्वर बैठा के पुत्र बरतु बैठा (45 वर्ष) के रुप में हुई है। इस सड़क दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुंदो गांव निवासी रामेश्वर बैठा का पुत्र बरतु बैठा अपने हीरो मोटरसाइकिल संख्या जेएच जीरो 1 एके-5275 से अपनी पुत्री को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से घर ले जाने भंडरा आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से नशे में धुत लोहरदगा जयनाथ पुर निवासी रोहित नायक ने अपनी स्कूटी से टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही बरतु बैठा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि बरतु बैठा बहुत ही मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था। सड़क दुर्घटना से बरतु बैठा की मौत के बाद उसकी पत्नी व दो बेटी व दो बेटा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के भूमि दाता का हुआ निधन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी के भूमी दाता एवं स्थापना काल के अध्यक्ष, वर्तमान में विद्यालय के संरक्षक एवं बड़की चाँपी पंचायत के निर्वतमान मुखिया रामकुमार तिवारी का 12 जून 2024 दिन बुधवार रात 11:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से बड़की चाँपी पंचायत के साथ-साथ विद्यालय परिवार में शोक व्याप्त है। वे सौम्या एवं मृदुभाषी स्वभाव के थे, उनके द्वारा विद्यालय के प्रारंभिक संचालन में विशेष सहयोग मिला, उन्होंने विद्यालय संचालन के लिए भूमि दान दिया, उनकी छत्रछाया में विद्यालय सकुशल संचालित हो रहा है और दिन प्रति दिन उत्तरोत्तर विकास कर रहा है। इस निधन से विद्यालय को अपूरणीय क्षति हुआ है। इस दुख की घड़ी में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के समस्त अधिकारी, आचार्य आचार्या एवं भैया बहन ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें, इसके लिए प्रार्थना करते हैं तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं इनका अंतिम संस्कार जन्म स्थल बड़की चाँपी में आज किया गया।

## कीटनाशक खाने से दो नाबालिक बहने गंभीर सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र में कीटनाशक दवा खाने से दो नाबालिक बच्चियों की हालात गंभीर आनन-फानन में परिजनों ने दोनो बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में कराया भर्ती जहां दोनों नाबालिक बच्चियों का इलाज चल रहा है। इलाज करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि बच्चियों की स्थिति में सुधार हो रही है। जबकि बच्चियों के परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चियां आपस में चचेरी बहने हैं। साथ ही बताया कि कुछ दिन पूर्व आम व इमली का जेली घर लाया गया था जो खत्म हो गया। और लोकल जेली होने के कारण डब्बा पर रैपर लगा हुआ नही था जो बच्चियों के ध्यान में बना हुआ था। लेकिन गलती से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिस पर भी रैपर उखड़ा हुआ था। बताते हुए कहा कि खेल-खेल में भूल बस खेत में डाला जाने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे दोनों की स्थिति खराब होने लगी। बच्चियों की बिगड़ती स्थिति को देखकर परिजनों ने बिना समय गंवाए बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों बच्चियों का इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों बच्चियां खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# प्रखंड अन्जुमन के सदर सेक्रेटरी ने नगजुवा में नेहान फैशन वस्त्रालय का फीता काट किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के कैरो चट्टी मुख्य पथ पर 13 जुन गुरुवार को शहादत मोड़ नगजुआ चरीमा के सामने मुख्य पथ के बगल में नेहान फैशन वस्त्रालय का उद्घाटन कैरो प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर जमील अख्तर सेक्रेटरी समीद अंसारी, हाफिज जसिमुदिन, जे एम एम के प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद, रेयाज अंसारी आदि के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व हाफिज जसिमुदिन के द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत की गई साथ ही साथ दुकान व कारोबार बेहतर ढंग से चले इसको लेकर दुआ कराई गई।मौके पर प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर व सेक्रेटरी ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के कपड़े की दुकान की कमी थी जो आज पूरी हो गई, चरीमा में नए फैशन की कपड़े की दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगो को काफी राहत मिलेगी। वस्त्रालय के संचालक मकसूद अंसारी ने कहा हमारा मकसद क्षेत्र ले लोगो को सुविधा मुहैया कराना है, आने वाले समय मे और भी एक से बढ़कर एक फैशनेबुल कपड़े उपलब्ध होंगे। मौके पर अंजुमन इस्लामिया चरीमा के सदर ताहिर अंसारी, सेक्रेटरी सेराजुल अंसारी, इरशाद अंसारी, शाहजहाँ अंसारी, जाकिर अंसारी, मनीर अंसारी, कलाम अंसारी, अयूब अंसारी, एहसान अंसारी, सफ़ीद अंसारी, जिब्राइल अंसारी, नाजुल अंसारी, नोसाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते : विवेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड बूटी पंचायत के झखरा गांव में जय श्रीराम समिति की बैठक अध्यक्ष विकास जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया जो सर्वसम्मति से अध्यक्ष विवेक जायसवाल, महामंत्री विनोद ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मुंडा, कोषाध्यक्ष रवि उरांव, उपाध्यक्ष सरवन जयसवाल, संदीप जयसवाल, संगठन मंत्री बालकिशुन यादव, ज्ञान महतो, राज मुंडा, नारायण जायसवाल, बसंत जायसवाल को बनाया गया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होती है इसके बिना सब अधूरा है आगे कहा कि जल्द ही जिला का चुनाव होने वाली है इसी के मध्य नजर कमेटी गठन के साथ-साथ सदस्यता अभियान की भी शुरुआत की गई। ज्ञात हो कि पूरे जिले में जोर-जोर से सदस्यता अभियान चलाई जा रही है पूर्व अध्यक्ष विकास जायसवाल ने कहा हम सब की प्राथमिकता है कि अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ समिति का लाभ दिला सके जय श्रीराम समिति ऐसी संगठन है जो जाने अनजाने लोगों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहते हैं समिति की तत्परता से हजारों लोगों की जान बचाई जा सकी है बैठक की समाप्ति तुलसी मुंडा के द्वारा किया गया। मौके पर संरक्षक अशोक जायसवाल जिला संरक्षक अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य नितेश जयसवाल, विनोद प्रसाद, विकास पाठक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## टाइनी टास्क स्कूल प्रांगण में खुल रहा बच्चों के लिए पहला स्विमिंग क्लास : अजातशत्रु

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के अंतर्गत आने वाली टाइनी टास्क स्कूल के प्रांगण में दिनांक 17/6/24 दिन सोमवार से बच्चों के लिए स्विमिंग क्लास शुरू होने जा रहा है। यह स्विमिंग क्लास 15 साल तक के बच्चों के लिए शुरू किया जा रहा है, जो कि सप्ताह में पांच दिनों (सोमवार से शुक्रवार) तक चलेगा। इसमें लड़कियों के लिए समय शाम 4ः00 से 5ः00 बजे तक और लड़कों के लिए शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक है। यहां कुशल प्रशिक्षक के द्वारा बच्चों को स्विमिंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस स्विमिंग पूल में पानी की साफ सफाई के लिए आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। यहां लड़के और लड़कियों के लिए अलग अलग चेंजिंग रूम और शौचालय की व्यवस्था भी उपलब्ध है। इस क्लास हेतु टाइनी और ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए 1500 रु मासिक शुल्क तथा बाहर के बच्चों के लिए 2000 रु मासिक शुल्क रखा गया है।वही किसी भी व्यक्ति को ज्यादा जानकारी लेनी हो तो वे मोबाइल नंबर 7903921221 पर संपर्क कर सकते हैं।

## 16 जून को आयोजित गंगा दशहरा कार्यक्रम में होंगे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन : बाल कृष्णा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा के द्वारा दिनांक 16 जून 2024 दिन रविवार को देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन दामोदर नदी के उद्गम स्थल चुल्हापानी पंचायत सलगी में आयोजित की गई है। कार्यक्रम में नदी पूजन, हवन एवं आरती का आयोजन साथ भंडारा का आयोजन किया गया है। गंगा दशहरा कार्यक्रम में लोहरदगा, लातेहार एवं गुमला जिला के श्रद्धालु पूजा के लिए आते हैं दामोदर नदी का उद्गम स्थल का जल लेकर लोहड़ी बाबा का दर्शन करते हैं। लोहड़ी बाबा पर लोगों का अटूट विश्वास है। इसके बाद स्थानीय खोड़हा दल के द्वारा जतरा मेला का आयोजन हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी हो रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए चूल्हा पानी में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक किया गया और कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही दो दिनों में पूरी तरह से कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई एवं सड़क मरमती का कार्य स्थानीय प्रशासन के लोगों के साथ मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह, अध्यक्ष रामस्वारथ साहू, कोषाध्यक्ष जयनरायण प्रजापति, रघु गंझु, विनोद गंझु, रामलाल गझु, सुरजा गंझु सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य को गति दें, समस्या का निदान करें अधिकारी : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान हेतु जीप सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर लिया जानकारी। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड कार्यालय में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने बीडीओ संग्राम मुर्मू से मुलाकात कर ग्रामीणों की व्यक्ति गत समस्या से अवगत कराया। बीडीओ को आवेदन देकर कहा है की एक वर्ष से अरु निवासी सफीना खातून का मकान गिर गया है। और उसको किसी तरह के लाभ नही मिला है अबूआ आवास की सूची में नाम है। लेकीन प्राथमिकता पर नही लिया गया है जबकि अरु बांध टोली निवासी मुमताज खातून का घर में एक वर्ष पहले आग लग गया था। उसको मुआवजा नही मिला इन दोनों परिवार को बरसात में दिक्कत होगा इसलिए सरकारी लाभ देने की अपील किया गया। साथ ही डोका कर्म टोली निवासी जयंती देवी और कार्तिक उरांव के राशन कार्ड नही है इसको राशन कार्ड की व्यवस्था दिया जाए इसके आलावा अबुआ आवास योजना में गति दें और जरूरत मंद को प्राथमिकता दें और आवास बनाने में बालू की आपूर्ती नियम संगत कर गति प्रदान किया जाए। सहित विभिन्न विकास योजना पर चर्चा किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल, अचेत अवस्था में अस्पताल भेजा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सुदूरवर्ती ग्रामीण पठारी क्षेत्र के पथ पर मवेशी को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल चालक हुआ घायल ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के सुद्रवर्ती ग्रामीण पठारी पथ पर मन्हे गांव स्थित मोड़ के पास जानवर से टकराने पर मोटरसाइकिल सवार घायल होकर अचेत हो गया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में अचेत युवक को स्थानीय ऑटो से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा। घायल यूवक की पहचान सुदूर पहाड़ गांव गड़ातू निवासी दशरू उरांव के रुप में किया गया। युवक अपने गांव से मोटर साइकिल संख्या जे एच 08 एफ 1125 पर सवार होकर लोहरदगा आ रहा था कि मनहे गांव के मोड़ में दो जानवर आपस में लड़ने लगे और युवक की मोटर साइकिल से जा टकराया जिससे युवक गिर कर घायल हो गया। घायल यूवक अचेत अवस्था में रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में वाहन की व्यवस्था नही होने से ग्रामीणों ने घायल युवक को निजी ऑटो से सदर अस्पताल भेजा। एस आई शिव शंकर मार्डी ने कहा की सड़क दुर्घटना में घायल युवक को ग्रामीण ने अस्पताल भेजा है। युवक अचेत अवस्था में होने की बात बताई गई।

## अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश का उलंघन करने पर आरोपी के घर पुलिस द्वारा इश्तेहार चस्पा किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना कांड संख्या 117/22 के आरोपी द्वारा अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश का उलंघन करने के कारण आरोपी के घर मे सेन्हा पुलिस द्वारा इश्तेहार चस्पा किया गया। सेन्हा थाना कांड संख्या 127/22 धारा 363,366 ए के आरोपी लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेसल निवासी रामदेव उराँव का पुत्र मुकेश उराँव द्वारा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत इश्तेहार को विधिवत बाजा गाजा के साथ आरोपी के घर पर चस्पा किया गया। वही कांड का अनुशंधान करता ए एस आई अल्बिना लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेन्हा थाना कांड का आरोपी मुकेश उराँव लम्बे समय से फरार चल रहा है। जिसे पूर्व में नोटिस के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होने के लिये सूचना दिया गया। परन्तु मुकेश उराँव द्वारा न्यायलय द्वारा निर्गत नोटिस का अवहेलना किया गया। जिसे गुरुवार को बाजा गाजा के साथ आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कर न्यायालय में उपस्थित हो अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

# फर्जी गरीब बनकर राशन उठाने वालों के खिलाफ उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन, करवाई की मांग

## कई वर्षों से उठा रहे है अनाज, जांच के बाद स्पष्ट होगी तस्वीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** राशन कार्ड देश में चलाई जा रहीं तमाम फ्री राशन योजनाओं के लिए सबसे जरूरी दस्तावेज है 7 इस कार्ड का उद्देश्य पात्र लोगों को खाने की कमी न होने देना है, लेकिन इनका बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं जो पात्र नहीं हैं, ऐसे ही दो मामले कुरडेग प्रखंड से आये हैं जहाँ राशन कार्ड संख्या-202006582341 एवं राशन कार्ड संख्या- 202800795585 क्रमशः वीना जयसवाल एवं तलत प्रवीण के नाम से जारी किया गया है और दोनो के परिवार के सदस्य क्रमशः संजीत जयसवाल एवं सुहेल अख्तर अलीशान मकान एवं चार पहिये वाहन के मालिक भी है जिनका नाम राशन कार्ड में कई वर्षो से दर्ज है और वो गरीबों का हक मार के हर महीने उनका राशन खाने का काम कर रहे हैं, तथा अन्य सुविधा जसके लिए वो आपात्र हैं उसका लाभ उठा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें की कुरडेग के युवा नेता ज़िशान फ़िरदौस ने आज उपायुक्त के नाम से आज एक आवेदन उपायुक्त कार्यालय में जमा किया जहाँ इस बात का उल्लेख है की उक्त दोनों राशन कार्डधारी कई वर्षो से फर्जी गरीब बनकर सरकार के आखों में धूल झोंक कर अपात्र होते हुए भी अपने प्रभाव का गलत इस्तेमाल कर के राशन उठाव एवं अन्य सरकारी लाभ ले रहे हैं जो उचित नही है उन्होंने आगे कहा की राशन कार्ड में बढ़ते फर्जीवाड़े पर रोक लगाने और जरूरतमंदों को योजना का लाभ देने के लिए फूड सिक्योरिटी बिल पास किया गया है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 की धारा 9 में साफ है कि जो भी व्यक्ति गलत जानकारी या गलत दस्तावेजों के आधार पर फर्जी राशन कार्ड बनवाएगा, उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है तथा उन्होने कहा की जो भी आपात्र व्यक्ति हैं उन्हे अविलम्ब राशन कार्ड सरेंडर कर देना चाहिए ताकी वास्तव में गरीब इस योजना का लाभ उठा सकें। ऐसे मामलों में सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार ने स्पष्ट किया है कि अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किये जाने की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान के तहत लिए गये राशन की वसूली उक्त राशन के लेख बाजार दर से 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष के ब्याज पर की जाएगी। कहा गया है कि राशन कार्ड के लाभार्थी परिवार जिनके पास तीन कमरों से ज्यादा का पक्का मकान या खुद के नाम पर चार पहिया वाहन हो इनपर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी साथ ही संबंधित थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है।

# सेन्हा थाना के नये थानेदार बने अजीत कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना प्रभारी के रूप अजीत कुमार ने गुरुवार को योगदान दिया। वही पदभार ग्रहण के उपरान्त मीडिया से बातचीत करते हुए थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना प्राथमिकता होगा। साथ ही कहा कि थाना में आने वाले सभी के साथ मित्रवत व्यवहार किया जायेगा। सभी के साथ समन्वय स्थापित कर न्याय दिलाया जायेगा। साथ ही कहा कि किन्ही को भी किसी तरह की परेशानी हो तो त्वरित के साथ थाना को सूचना दे मैं जनता के साथ मिलकर अपराध पर अंकुश लगाए जाएंगे।

## शिविर आयोजित कर बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए निःशुल्क दवा वितरण किया गया

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्की ग्राम में बाएफ संस्था की ओर से समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. जुनिट सुरीन द्वारा विभिन तरह कक बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बीमारी से रोक थाम के बारे भी बताया गया। वही डॉ. जुनेट सुरीन ने बताया कि बच्चियों के समय से मासिक धर्म नही आना पेट दर्द करना चक्कर आने के बारे में बताते हुए कहा कि सही तरह का खान पान नही होने और पौष्टिक आहार नही मिलने के कारण होता है। जिसके लिये समय पर हरा साग सब्जी,फल,दूध का सेवन करने का सलाह दिया गया। साथ ही कहा कि जिसे अनेको बीमारियों से बचाव हो सकता है। शरीर मे दर्द और झिनझिनी होने से या भूख नही लगने पर तुरन्त डॉक्टर से मिलने और सलाह लेने की बात कही गई। साथ ही बताया कि बाएफ संस्था द्वारा एचडीएफसी बैंक द्वारा समय समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजन कर बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बीमारी से बचाव के बारे में परामर्श दिया जाता है। तथा निःशुल्क दवा वितरण किया जाता है। मौके पर एएनएम सुमन कुमारी,राजमुनी लकड़ा के अलावे मंसूर अंसारी,प्रवीण कुमार,सितरी उराँव,अहिल्या देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण अवस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी लड़ेगी बिहार विधानसभा चुनाव : संजय सिंह



**नई दिल्ली** : अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आप के राज्यसभा सांसद संजय कुमार सिंह स्पष्ट कहा है कि बिहार में हमारी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी के चुनावी तैयारी शुरू कर दे। ताकि आगामी चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली में दिए जा रहे गुड गवर्नेंस का लाभ बिहार को भी मिल सके। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी? यह हमलोग बाद में तय करके बताएंगे। अब तक यह स्पष्ट है कि हमलोग बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों में से एक आम आदमी पार्टी बिहार में भी गठबंधन धर्म का पालन करेगी। इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के फॉर्मूला तय होने के बाद ही आप अपनी सीटों का खुलासा करेगी। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी बिहार विधानसभा में उतरती है तो सीधे तौर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ही टक्कर देगी। खास तौर पर केजरीवाल सीएम नीतीश कुमार की पार्टी और पीएम मोदी की नेतृत्व वाली भाजपा को चुनौती देंगे।

### नागपुर हादसे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दुख व्यक्त किया, सभी कार्यक्रम रद्द किए

**मुंबई** : नागपुर में गुरुवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने आज अपने सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, ÷नागपुर में 6 लोगों की मृत्यु हुई है। मुझे इसका बहुत दुख भी हुआ है। इसलिए मैंने प्रार्थना भी की थी। आज मेरी कोई स्वागत यात्रा नहीं निकलेगी। मुझे दर्द है। मैं मृतकों के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करता हूं, भगवान उनकी आत्मा को शांति दे ऐसी प्रार्थना करता हूं।÷ उल्लेखनीय है कि नागपुर जिले के धामना गांव के पास स्थित चामुंडा एक्सप्लोसिव प्रा. लि. में गुरुवार दोपहर हुए जोरदार धमाके में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल गए हैं। इस घटना में सभी घायलों को नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। धमाके की छानबीन के लिए महाराष्ट्र एंटी टेरोरिस्ट स्काड की टीम भी नागपुर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र कुमार सिंघल ने बताया कि इस घटना की हर ऐंगल से जांच की जा रही है। इसका कारण नागपुर में पिछले वर्ष भी फटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। इसी वजह से इस हादसे की गहन छानबीन की जा रही है।

# जन जन की जरूरत है योग : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : गुरूवार को पतंजलि योगपीठ द्वारा स्थानीय आर्य समाज भवन में 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव वही विशिष्ट अतिथि के रूप में नवल तुलस्यान, डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ, राजीव शरण, एवं ममता सिन्हा उपस्थित रहें।सभी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मौके पर शिविर संबंधी जानकारी देते हुए पतंजलि



पलामू जिला प्रभारी राजीव शरण ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से आम लोग 200 घंटा का प्रशिक्षण प्राप्त कर पतंजलि द्वारा एक सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे तत्पश्चात् वे पूर्ण रूप से सह योग शिक्षक बन सकेंगे।

आर्य समाज भवन में 25 दिन प्रतिदिन 4 घंटा का प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके बाद प्रशिक्षणार्थी चिन्हित स्थानों पर 100 घंटे का प्रशिक्षण देगें।मौके पर मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा की आज भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करना बेहद जरूरी है। बदलते समय और परिदृश्य में जन जन को योग को अपने देनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए । पतंजलि योगपीठ द्वारा आम जनमानस के लिए आयोजित यह शिविर लोगों को योग के लिए सदैव प्रेरित करेगा जिससे वे लम्बे समय तक स्वस्थ रह सकेंगे।

## नीट-यूजी : कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 में उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स देने के एनटीए के फैसले को भले ही रद्द कर दिया हो लेकिन यह मामला शांत होता नहीं दिख रहा है। कांग्रेस ने परीक्षा में धांधली की जांच को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। वहीं सरकार ने पेपर लीक के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि नीट परीक्षा में किसी प्रकार की धांधली, भ्रष्टाचार या पेपर लीक के कोई भी पुख्ता सबूत अभी तक सामने नहीं आए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीट परीक्षा मामले में एनटीए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 1563 विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि नीट में किसी प्रकार की धांधली, भ्रष्टाचार या पेपर लीक के कोई भी पुख्ता सबूत अभी तक सामने नहीं आए हैं। इससे संबंधित सारे तथ्य सुप्रीम कोर्ट के सामने हैं और विचाराधीन हैं। मैं कांग्रेस को ये याद दिलाना चाहता हूं की पेपर लीक रोकने और नकल विहीन परीक्षा के लिए केंद्र सरकार ने इसी साल सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम पारित किया है जिसमें कई कड़े प्रावधान हैं। प्रधान ने कहा कि छात्रों के भविष्य पर राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

## कुवैत अग्निकांड : मृतकों की पहचान के लिए हो रहा डीएनए टेस्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली** : कुवैत की इमारत में लगी आग में सबसे अधिक भारतीयों की मौत हुई। कुल 49 मृतकों में 40 भारतीय है। मृतकों के शवों की पहचान के लिए कुवैती अधिकारी डीएनए टेस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय मृतकों के शव को वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना का एक विमान इसके लिए तैयार है। भारतीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों पर कुवैत के दौरे पर हैं। केरल सरकार ने कहा कि कुवैत में जिन केरल के लोगों का निधन हुआ है, उनके परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की आपात बैठक हुई। बैठक में मुआवजे का एलान किया गया है। केरल सरकार को मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के 24 लोगों की हादसे में मौत हो गई है। वहीं, केरल के सात लोग घायल हैं। मृतकों के अलावा, घायलों के लिए सरकार ने एक लाख रुपये की सहायता राशि देने का एलान किया है। केरल सरकार ने भी राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज को तुरंत कुवैत भेजने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार हादसे में पांच तमिलनाडु के लोग भी शामिल हैं। तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री, गिंगी केएस मस्तान ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

## भीषण गर्मी में पढ़ाई बंद तो समर कैंप क्यों : अविनाश वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने बयान जारी कर कहा की राज्य के साथ पलामू जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण राज्य सरकार के आदेश पर सभी कोटि के विद्यालय 15 जून तक छात्रों के साथ शिक्षकों और कर्मियों के लिए भी बंद हैं, मगर पलामू समेत कई जिलों में समर कैंप के नाम पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ शिक्षक व कर्मियों को बुलाया जा रहा है, जबकि इससे बच्चों में एकरूपता की भावना भी आहत होती है क्योंकि आर्थिक रूप से सक्षम बच्चे हीं इसमें शामिल हो सकते हैं।अविनाश वर्मा ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि जब 40 डिग्री सेल्सियस में ऊंची कक्षाएं चलने पर गत सप्ताह दो गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को पीड़क कार्रवाई का सामना करना पड़ा और यहां 45/47 डिग्री सेल्सियस में छोटे बच्चों का समर कैंप होता है और यह सब अमूमन सीबीएसई और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा होता है।अविनाश वर्मा ने कहा कि आम जनमानस में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय और गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के संदर्भ में स्पष्ट सोच नहीं है जिसका खामियाजा प्रत्येक वर्ष कॉपी, किताब, फीस इत्यादि को लेकर गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर ÷जौं के साथ घून÷ पिसाने वाली कहावत चरितार्थ होती है। उन्होंने कहा कि आज इतनी भीषण गर्मी में भी कई मान्यता प्राप्त



निजी विद्यालयों के बच्चे समर कैंप आयोजित करने वाले विद्यालय में अतिरिक्त भुगतान करके जा रहे हैं और अभिभावक बच्चों को भेज कर गौरवांवित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा की अगर इतनी गर्मी में भी प्रातः 6 से 10 समर कैंप का आयोजन छोटे बच्चों के लिए हो सकता है तो इसी अवधि में सभी कोटि के बच्चों की पढ़ाई सभी कोटि के विद्यालयों में क्यों नहीं ?

# आजसू पार्टी का हासनदाग पंचायत कमेटी गठित, शारदा देवी बनीं अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : आजसू पार्टी महिला मोर्चा की बैठक गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेराल के हासनदाग पंचायत में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सदस्य संगीता देवी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी, पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्टी के प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंपा देवी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए सबसे पहले महिलाओं को रोजगार से जोना होगा। राजनीतिक और सामाजिक ज्ञान का होना बहुत ही आवश्यक है। यह 5 किलो अनाज मिलने से गरीबी नहीं हटेगा। हमारे बाल बच्चों का कभी विकास नहीं होगा। सबसे पहले आत्मनिर्भर बनना पेगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा



कि महिलाओं को आजसू पार्टी के सुप्रीमो ने पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त और मजबूत बनाने का कार्य किया है। माननीय सुदेश महतो ने झारखंड में 2016 से जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का जो कार्य किया है यह बहुत ही सराहनीय है। आने वाला समय में भी सुदेश महतो और आजसू पार्टी के द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किए जाएंगे। पार्टी के प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि जब तक आप शिक्षित नहीं होंगे आप मजबूत नहीं हो सकते। साथ ही राजनीतिक भागीदारी भी आप सबको सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर महिला मोर्चा हासनदाग पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष शारदा देवी, उपाध्यक्ष अनारो देवी, सचिव बसंती देवी, तेतरी देवी, कोषाध्यक्ष मधु देवी, सदस्य मारगेला देवी, मुनमुन देवी, रीता देवी, मानमती देवी, आशा देवी, सरिता देवी, लालो देवी, फुल कुमारी देवी को सदस्य बनाया गया।

# खेल से आता है जीवन में अनुशासन : अलखनाथ पांडे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** हजारीबाग में शुक्रवार से आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम गुरुवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हो गई। मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने खिलायियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन आता है।उन्होने कहा कि जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाी विशिष्ट हैं। सभी खिलाी खेल भावना के साथ खेलते हुए अपनी जीत के लिए पूरी जोर लगा दें। जो खिलाड़ी सीखने का प्रयास करते हैं वही सर्वोच्च शिखर पर पहुंचते हैं। 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, उज्ज्वल कुमार, पलक भारती, रिद्धि सिंह, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आशिता प्रियदर्शिनी, रौशन कुमार पाल, अनिल कुमार मेहता, मानवी चौबे, रिशु तिवारी और शिवम कुमार पटेल के नाम शामिल हैं। टीम का कोच अजय कुमार ठाकुर को बनाया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे, सदस्य आशुतोष रंजन, पंकज कुमार सोनी, मनोज पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, रजनीश कुमार, विकास, प्रवीण शुक्ला, दुर्गेश कुमार दुबे, जयदेव पाल सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## रियासी आतंकी हमले में 53 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया

**जम्मू** : पुलिस ने जम्मू-कश्मीर में पिछले सप्ताह यात्रा बस पर हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में गुरुवार को 53 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 9 जून को रियासी जिले के पौनी इलाके के पास हुए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 53 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जो हमले की साजिश रचने में शामिल लोगों की पहचान और उन्हें पकड़ने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूरदराज के इलाकों में तलाशी अभियान तेज किया गया है। इन अभियानों का उद्देश्य आगे के सबूतों को उजागर करना और उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के क्षेत्रों में छिपे हो सकते हैं। इस बीच पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को देने का आग्रह किया है।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना

स्वास्थ्य का वरदान, आयुष्मान

"विशेष आयुष्मान पखवाड़ा"
(दिनांक 15 जून से 29 जून 2024)

राज्य के गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार पाएं 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज। राज्य के समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कृपया इस अवसर का लाभ उठाएं एवं अपना और अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवायें।

निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैसे बनायें

- नजदीकी पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालय में।
- सहिया द्वारा घर-घर जाकर।
- नजदीकी सरकारी अस्पताल में।
- नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में।
- नजदीकी निजी अस्पताल में।
- आयुष्मान एप द्वारा "स्वयं"

आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत मिलने वाली सुविधाएं

- 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज
- राज्य एवं देश के किसी भी सरकारी एवं निजी अस्पताल में पाएं निःशुल्क ईलाज
- अस्पताल में ईलाज के दौरान निःशुल्क जाँच, दवाईयाँ एवं भोजन की सुविधा
- अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद आवश्यकतानुसार 15 दिनों तक की दवाईयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं
- योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की नकद राशि देय नहीं है

नोट :- आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड अवश्य साथ लायें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड।

अधिक जानकारी या शिकायत के लिए संपर्क करें:- 14555/18003456540

PR NO-326275 (Jharkhand State Arogya Society) 24-25